* ओड़िशा संस्करण
08 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 138



MIRAI
FERTILITY & IVF CENTRE

झारखंड का पहला अत्याधुनिक आई वी एफ सेंटर
बड़े शहरों जैसा इलाज अब झारखंड में



International
Women's Day
Free Fertility Camp
Ranchi
7-11 March / 10 AM- 2 PM

डॉ सर्बजया सिंह
MBBS, MS (OBS), FMAS, DMS
रिप्रोडक्टिव मेडिसिन में फ़ेलोशिप

डॉ सर्बजया सिंह, फर्टिलिटी की सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
17+ वर्षों का क्लिनिकल अनुभव
5000+ कामयाब आई वी एफ ऑपरेशन्स किफायती उपचार

आधुनिकतम लैब एवं संरचना
एडवांस्ड मॉडुलर लैब और TVOR कक्ष और सेपरेट AHU
जो प्रदान करें ISO 7-क्लास 10000 एयर क्वालिटी
के - सिस्टम मेमर्ट इनक्यूबेटर द्वारा एम्ब्रयो कल्चर,
झारखंड में पहली बार





हर फर्टिलिटी समस्या का इलाज:
OT-TI | IUI | IVF | ICSI | IVM | PGD | PGT-A |
| TESA | TESE | HYSTEROSCOPY
| LAPROSCOPY Fertility Preservation |
Freezing and Vitrification | Donor Treatments

For appointments, call: +919297955517
Toll Free Number: 18008336112
info@miraifertility.in www.miraifertility.in

Regd Office: 5th and 6th floor, Sai Square,
Above Vishal Megamart,
Bariatu, Ranchi, Jharkhand - 834009

08 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 138

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 2454 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र, जनजातीय भाषा के शिक्षक भी होंगे नियुक्त

# तीन-चार माह में 30 हजार नियुक्तियां निकलेंगी: चंपाई

- मुख्यमंत्री ने जनजातीय भाषाओं के शिक्षक की नियुक्ति का दिया भरोसा, सभी वर्ग के विकास की चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि सरकार की सोच है कि बहुत कम समय में ही ऐसे कार्य किये जायें, जो झारखंड के विकास में एक मिसाल कायम कर सकें। आने वाले तीन से चार महीने के भीतर विभिन्न विभागों में 30 हजार रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्तियां निकाली जायेंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज-संपदाओं का उपयोग यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास और उत्थान में किया जाये, तभी झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो सकेगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को रांची के शहीद मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।

चंपाई ने कहा कि राज्य सरकार आज विभिन्न पदों पर नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे रही है। आज से आप सभी के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। आप सभी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। मुझे विश्वास है कि आप सभी यहां के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी निष्ठा एवं इमानदारीपूर्वक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।



### प्राथमिक विद्यालय से ही शुरू होगी जनजातीय भाषा की पढ़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की भी नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार की यह सोच है कि झारखंड की समृद्ध जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी अब प्राथमिक विद्यालयों से ही शुरू की जाये। इस निमित्त पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत करने का कार्य कर रही है। राज्य के भीतर संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल तथा उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। राज्य के गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के बच्चे भी अब क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सके इस निमित्त उनकी सरकार प्रतिबद्धता के साथ व्यवस्था में सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा रहेगा। मेरा मानना है कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकती है। उनकी सरकार राज्य में शिक्षा का ऐसा दीप जलायेगी, जो कभी बुझेगा नहीं। पूर्व की सरकारों ने राज्य में 5 हजार प्राइमरी विद्यालयों को बंद करने का काम किया था, परंतु वर्तमान सरकार राज्य में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रही है।

**हर वर्ग को उसका अधिकार मिलेगा:** चंपाई ने कहा कि झारखंड को सोने का चिड़िया वाले प्रदेश के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन यह विडंबना है कि बरसों से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, शोषित, पिछड़े अल्पसंख्यक सहित जरूरतमंदों को व्यवस्था से दूर रखने का काम किया गया। उनकी सरकार अब इन वर्गों के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद अपेक्षा अनुरूप यहां के लोगों का विकास नहीं हो सका है। वर्तमान समय में सरकार झारखंड के हर वर्ग और हर तबके के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। चंपाई ने कोराना संकॉ से निपटने के लिए पूर्व की हेमंत सरकार की तारीफ की।

**सबको मिले रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार, यही उद्देश्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी-वर्ग समुदाय के जरूरतमंद परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। यहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। मूलभूत और बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है, सभी को अपनी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उनकी सरकार पीएम आवास योजना से वंचित 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देगी। राज्य में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत प्रथम फेज में चिह्नित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि जा चुकी है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, राजेश शर्मा, अबू बकर सिद्दीकी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित अन्य पदाधिकारी एवं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### इन पदों पर हुई नियुक्ति

- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313 एवं भूगोल के 195 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक
- नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 15 पाइप लाइन इंस्पेक्टर और 55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर
- कृषि विभाग अंतर्गत 09 कनीय अभियंता
- खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत 34 खान निरीक्षक
- विद्युत विभाग अंतर्गत 53 कनीय अभियंता
- पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 1,268 कनीय अभियंता (सिविल)

## अटैक हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे: राजनाथ

**नयी दिल्ली।** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि हम किसी भी देश पर हमला नहीं करेंगे। किसी की एक इंच जमीन भी नहीं लेंगे। अगर भारत पर समुद्र (जल), धरती (थल) या आसमान (नभ) के रास्ते हमला होता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देने की स्थिति में हैं। राजनाथ ने कहा कि हम किसी भी समय, शांतिकाल में भी युद्ध के लिए तैयार हैं। नरेंद्र मोदी सरकार भारत और भारतीयों की क्षमताओं पर भरोसा करती है, जबकि पहले की सरकारें इस मुद्दे पर उलझन में रहती थीं। राजनाथ सिंह गुरुवार को एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## केंद्रीय कर्मियों का डीए 4% बढ़ा राज्य कर्मियों का भी जल्द बढ़ेगा

- केंद्रीय कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में सरकार ने बढ़ोतरी कर दी है। गुरुवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में सरकार ने चार फीसदी डीए बढ़ाने का फैसला किया है। यह 01 जनवरी 2024 से लागू होगा। डीए बढ़ने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता 46 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी हो गया है। इस फैसले से करीब 48.67 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनर्स को होगा। इससे पहले सरकार ने अक्टूबर 2023 में डीए चार फीसदी बढ़ाकर 46 फीसदी कर दिया था। महंगाई भत्ता साल में दो बार जनवरी और जुलाई में बढ़ाया जाता है। उधर, केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य कर्मियों का भी महंगाई भत्ता बढ़ता है। झारखंड में भी राज्यकर्मियों का डीए बढ़ेगा। उम्मीद जतायी जा रही है कि होली के तोहफे के रूप में राज्य सरकार डीए बढ़ाने का फैसला अगले सप्ताह तक ले सकती है।

## हाइकोर्ट ने सरकार से मांगी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट, पूछा

# विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए क्या है एसओपी

- दुमका एसपी की रिपोर्ट पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका में महिला टूरिस्ट से सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट के संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में दुमका एसपी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट ने उनके जवाब पर असंतोष जताया। मामले में कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से पूछा कि झारखंड में अगर कोई विदेशी मेहमान प्रवेश करता है, तो इसे लेकर कोई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर है या नहीं। राज्य में प्रतिवर्ष कितने विदेशी मेहमान आ रहे हैं। झारखंड में विदेशी मेहमान के प्रवेश करने के बाद उनकी सुरक्षा की क्या व्यवस्था है। जिलों में विदेशी भाषाओं में हेल्पलाइन नंबर आदि की व्यवस्था जरूरी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड विदेशी पर्यटकों के लिए एक हब बन चुका है। आपको पता होना चाहिए कि यहां प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आ रहे हैं। उन्हें सुरक्षा मुहैया कराया जाना भी जरूरी है। जरूरत होने पर उनके लिए मेडिकल सुविधा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता को महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए उठाये गये कदम के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। इससे पूर्व दुमका एसपी की शपथ पत्र पर कोर्ट ने नाराजगी जतायी। मौखिक कहा कि विदेशी महिला के साथ गैंगरेप की घटना का सुपरवाइज किसी वरीय अधिकारी को करना चाहिए था। सरकार की ओर से बताया गया कि पीड़िता की कुछ चीजों की जांच दुमका के अस्पताल में संभव नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हर एक जिला में ऐसी व्यवस्था जरूरी है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी जिलों में जांच संभव है। कोर्ट को बताया गया कि एसआइटी ने सात आरोपियों की पहचान कर ली है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या आरोपियों का टीआइपी हुआ है। सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। कोर्ट ने विदेशी मेहमानों, झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उठाये गये कदम आदि बिंदुओं पर सरकार को इंस्ट्रक्शन लेकर बताने को कहा है। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।




### क्या है मामला

दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिनों स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले को हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष संज्ञान में लाया गया था। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, एसपी दुमका को मामले में प्रतिवादी बनाते हुए एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी थी।

नौवीं पुण्यतिथि
08 मार्च 2024
''नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैन दहति पावक:।
न चैंन कलदयन्त्यापो, न शोषयति मारूत:।।



स्व.श्री मदन लाल गुप्ता
02.03.1941 से 08.03.2015
जो छोड़ कर चले गये आप हमें, तो लगता है जिन्दगी जीये कैसे हम,
फिर भी जी रहे हैं कि, बहुत कुछ दे गये आप हमे, अब हमे देना है आपके सपनों को पाना है।
मेसर्स:
गीतांजलि बैंक्वेट हॉल
गीतांजलि बिल्डर्स
टैगोर हिल रोड, चिरौंदी
मोरहाबादी, रांची
शोकाकुल :
श्री मनोज कुमार गुप्ता
समस्त गुप्ता परिवार
एवम् मित्रगण

## अरविंद केजरीवाल को कोर्ट का समन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गुरुवार को समन भेजा है। इडी ने कई समन नजरअंदाज करने के आरोप में केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की थी। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इडी केजरीवाल को अब तक आठ बार समन भेज चुकी है। वे एक बार भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए हैं।

## 30 लाख युवाओं को नौकरी देंगे: राहुल

**बांसवाड़ा।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को राजस्थान में प्रवेश कर गयी। यहां राहुल ने रोड-शो के बाद जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक युवा कुली मिला। उसने मुझे बताया कि मैं सिविल इंजीनियर हूं और कुली का काम कर रहा हूं। आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचित वर्ग को 30 लाख नौक?री देना। राहुल ने हर ग्रेजुएट युवा को ट्रेनिंग और हर साल एक लाख रुपए देने की बात भी कही।

# एनडीए में शामिल हो सकता है बीजेडी

- पार्टी उपाध्यक्ष बोले, तालमेल को लेकर चर्चा जारी
- 15 साल पहले तोड़ा था गठबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले नीतीश कुमार के जदयू के बाद अब ओड़िशा का बीजू जनता दल (बीजेडी) भी एनडीए में शामिल हो सकता है। भुवनेश्वर में बीजेडी नेता सह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के घर 'नवीन निवास' में चुनाव को लेकर बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीजेडी के उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हमारी भाजपा के साथ तालमेल पर चर्चा चल रही है। हमारी पार्टी ओड़िशा के लोगों के हितों को लेकर जरूरी फैसला लेगी। उधर, दिल्ली में भी ओड़िशा में लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को भाजपा की लंबी बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद भाजपा सांसद जुएल ओरम ने भी गठबंधन को लेकर चर्चा होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि गठबंधन पर बातचीत चल रही है, लेकिन फैसला आलाकमान ही करेगा। गौरतलब है कि 1998 में भाजपा और बीजेडी का गठबंधन हुआ था, जो 2009 में टूट गया था। 1998, 1999 और 2004 के लोकसभा चुनाव दोनों पार्टियां साथ लड़ी थीं। इसके अलावा 2000 और 2004 के विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियां एक साथ चुनाव में उतरी थीं।



नौवीं पुण्य स्मृति



स्व. कृष्णा यादव
न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भाविता वा न भूय:।
अजो नित्य: शाश्वतोऽयं पुराणोन हन्यते हन्यमाने शरीरे।।
ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्‌विचारों की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे। आप जैसे अलौकिक ज्योतिर्पुंज को हम सबका अश्रुपूरित शत-शत नमन।
श्रद्धानवत्
मेसर्स :
कृष्णा एण्ड ग्रुप (प्रा.)
लिमिटेड, रातू रोड, रांची
उर्मिला देवी जी (पत्नी)
विक्की यादव (प्रथम सुपुत्र)
राहुल यादव (द्वितीय सुपुत्र)
रोहित यादव (तृतीय सुपुत्र)
प्रिती यादव (बहु)
रूबी सिंह (प्रथम सुपुत्री)
लवली कुमारी (द्वितीय सुपुत्री)
अभिमन्यु सिंह (दामाद)
एवं समस्त यादव परिवार

08 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 138



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 60,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# मुश्किल है पलामू के मैदान में वीडी राम को हैट्रिक से रोकना

## ■ इस संसदीय सीट पर तैयार हो गयी है रोमांचक मुकाबले की जमीन

## ■ पलामू के लिए प्रभावशाली सांसद साबित हुए हैं राज्य के पूर्व डीजीपी

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में से अनुसूचित जाति के लिए एकमात्र आरक्षित पलामू में चुनावी मुकाबले की रोमांचक जमीन उसी समय तैयार हो गयी, जब भाजपा ने लगातार तीसरी बार झारखंड के पूर्व डीजीपी विष्णु दयाल राम को यहां से अपना प्रत्याशी बनाया। कभी नक्सलियों के गढ़ और झारखंड के सबसे पिछड़े इलाके के रूप में चर्चित पलामू संसदीय क्षेत्र में हालांकि विपक्ष की ओर से प्रत्याशी की घोषणा अब तक नहीं की गयी है, लेकिन इतना तय है कि विपक्ष के प्रत्याशी के लिए वीडी राम को पछाड़ पाना मुमकिन नहीं दीखता। पलामू संसदीय सीट पर पिछले 75 साल में कई तरह की खिचड़ी पक चुकी है और यह क्षेत्र कभी किसी एक दल का गढ़ नहीं रहा। राजनीतिक दृष्टि से पलामू की धरती बेहद उर्वर है, लेकिन रेन शैडो क्षेत्र होने के कारण यहां अक्सर अनावृष्टि और सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है। मध्य बिहार के औरंगाबाद और यूपी-छत्तीसगढ़ से सटे होने के कारण पलामू संसदीय सीट राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील भी है और महत्वपूर्ण भी। पलामू ने एक पूर्व नक्सली कमांडर को भी अपना सांसद चुना है, तो एक पूर्व डीजीपी को भी। पलामू संसदीय सीट की यह विशिष्टता है। इसलिए पलामू के बारे में कोई भविष्यवाणी करना खतरे से खाली नहीं है। लेकिन आंकड़े और माहौल फिलहाल तो भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि वीडी राम को हैट्रिक लगाने से रोकने के लिए विपक्ष को लोहे के चने चबाना होगा। हालांकि वीडी राम के लिए रास्ता सुगम नहीं है। भाजपा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद क्या है पलामू का राजनीतिक परिदृश्य, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झारखंड की एकमात्र संसदीय सीट पलामू से भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार राज्य के पूर्व डीजीपी विष्णुदयाल राम को टिकट देकर रोमांचक मुकाबले की जमीन तैयार कर दी है। विष्णुदयाल राम 2014 और 2019 में भाजपा के टिकट पर पलामू से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। विष्णुदयाल राम 1973 बैच के आइपीएस अधिकारी रहे हैं। उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा से पहले उनकी उम्र को लेकर कई तरह की चर्चाएं थीं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से उन पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है।

### पलामू का राजनीतिक माहौल

पलामू संसदीय सीट पर इस बार सियासी माहौल पूरी तरह बदला हुआ है। पिछले चुनाव में वीडी राम के प्रतिद्वंद्वी रहे घूरन राम अब भाजपा में हैं। वह इस सीट से पिछला तीन संसदीय चुनाव लड़ चुके हैं। घूरन राम के पाला बदलने के बाद से अब लोगों की निगाह विपक्षी गठबंधन पर है कि वह किसे प्रत्याशी बनाता है। ऐसी संभावना है कि पलामू सीट राजद के कोटे में जायेगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किसे टिकट देता है। इधर चर्चा यह भी है कि पूर्व सांसद जोरावर राम के बेटे राकेश पासवान इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ, तो मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा।

### पलामू में जातीय समीकरण है निर्णायक

जातीय समीकरण और वोटों के हिसाब से पलामू संसदीय सीट पर अनुसूचित जाति काफी अहम भूमिका निभाती है। वोटों के हिसाब से देखें तो यहां एससी जाति की संख्या करीब 27 प्रतिशत के करीब है। इसमें राम (15.1), भुइयां (5 प्रतिशत), पासवान (2.4), प्रसाद (2.1), बैठा (1.2), मांझी (0.6), मोची (0.3 ) प्रमुखता से शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण ही जीत-हार तय करता है। 2024 के लिए बन रहे चुनावी समीकरण में भाजपा का दावा मजबूत माना जा रहा है।

### कौन हैं विष्णु दयाल राम

विष्णु दयाल राम मूल रूप से बिहार के बक्सर के नैनीजोर के रहने वाले हैं। नेतरहाट आवासीय स्कूल से उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई है। 1973 में भारतीय पुलिस सेवा के लिए उनका चयन हुआ था। 2005 और 2007 में विष्णु दयाल राम झारखंड के डीजीपी बने थे।

2007 से 2010 तक झारखंड के डीजीपी रहे हैं। विष्णुदयाल राम बिहार के भागलपुर और पटना के एसपी भी रह चुके हैं। डीजीपी के पद से रिटायर होने के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी और 2014 में पहली बार पलामू से सांसद चुने गये थे। सांसद बनने के बाद विष्णु दयाल राम को विदेशी संबंधी समिति का स्थायी सदस्य बनाया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर विष्णु दयाल राम को सात लाख 55 हजार 659 वोट, जबकि राजद के घूरन राम को दो लाख 78 हजार 53 वोट मिले थे। इस तरह वीडी राम ने पौने पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### वीडी राम के खाते में कई उपलब्धियां दर्ज हैं

लोकसभा में पलामू के लिए सबसे अधिक बार आवाज उठाने वाले सांसद विष्णु दयाल राम हैं। इन्होंने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र को लेकर 115 से अधिक बार आवाज उठायी है। 2019 में सांसद चुने जाने के बाद विष्णुदयाल राम ने लोकसभा में दर्जनों बार पलामू की आवाज उठायी है। सांसद बनने के बाद विष्णु दयाल राम ने पलामू के इलाके में 21 सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दिलवायी है। नेशनल हाइवे 75 और नेशनल हाइवे 98 को फोरलेन भी करवाया है। इस दौरान गढ़वा बाइपास एक बड़ी उपलब्धि है। सांसद की पहल पर सासाराम-रांची एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हुआ है। बरवाडीह-चिरमिरी और गया-पलामू रेल लाइन को मंजूरी मिली है। पलामू और गढ़वा केंद्र सरकार के आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। इस सूची से दोनों जिलों को बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती है, ताकि इलाके में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना हो।

### राजनीतिक रूप से समृद्ध है पलामू

आजादी से लेकर अब तक पलामू पिछड़ा कहा जाता रहा है। सच्चाई भी है कि हर क्षेत्र में धनी होने के बावजूद इस क्षेत्र के माथे पर पिछड़ेपन का टीका लगा हुआ है। पलामू की धरती ऐसी है कि यहां जंगल-पहाड़, खेत-खलिहान व मैदान सब कुछ है। पलामू में कई बड़ी-बड़ी नदियां, राष्ट्रीय स्तर के नेता, मंत्री और सांसद रह चुके हैं। संयुक्त पलामू आज तीन जिलों का प्रमंडल बन गया है। पलामू प्रमंडल, विशेषकर पलामू लोकसभा की राजनीतिक पृष्ठभूमि अपनी गोद में पूरा इतिहास समेटे हुए है। पलामू को पिछड़ा कहने वालों को शायद पता नहीं है कि यहां के चार लाल ने एक साथ झारखंड के चार अलग-अलग संसदीय सीट पर कब्जा जमा रखा था। वर्ष 2004 में पूरे देश में 14वीं लोकसभा का आम चुनाव हुआ। इसमें पलामू सीट से राजद प्रत्याशी सतबरवा निवासी मनोज कुमार, संयुक्त पलामू निवासी अब गढ़वा जिला के मंझिआंव चौखरा गांव निवासी चंद्रशेखर दुबे धनबाद, पलामू जिला मुख्यालय से सटे चियांकी गांव निवासी रामेश्वर उरांव लोहरदगा और पलामू के ही सुबोधकांत सहाय रांची से एक साथ सांसद बने थे। इस समृद्धि के बावजूद इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि हर स्तर पर बुलंदी तक पहुंचाने वाली पलामू प्रमंडल की धरती अपने पिछड़ेपन पर आंसू बहाने को विवश है। पलामू प्रमंडल के लोगों को को इंतजार है एक ऐसे रहबर की, जो आये और पलामू को गरीबी-मुफलिसी की बेड़ी से एक हद तक आजाद करा दे।

---

# तीनपहाड़ बैंक मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एसबीआइ बैंक मोड़ के समीप गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप के नेतृत्व में तीनपहाड़ थाना पुलिस के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने वाले दो पहिया, तीन पहिया सहित बड़े वाहनों की इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, हेलमेट सहित अन्य कागजात की जांच की गयी। जांच के क्रम मे दर्जनों से भी अधिक वाहनों को पकड़ कर लगभग हजारों रुपये का चालान काटा गया। वहीं जांच अभियान के दौरान रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज परासर ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों के तहत लोगों को जागरूक करते हुए उनके बीच यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं मौके विभाग के रोड सेफ्टी मैनेजर नीरज कुमार साह सहित थाना के एसआइ संजय दुबे दल बल शामिल रहे।

## संशोधन के बाद तबादला लिस्ट जारी

# झारखंड के 153 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के 153 डीएसपी का मूवमेंट आर्डर जारी कर दिया है। डीजीपी के आदेश पर आइजी मानवाधिकार ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। इनमें प्रमोशन से बने डीएसपी समेत रेगुलर डीएसपी भी शामिल हैं। दयानंद आजाद का लातेहार में किये गये तबादला को विलोपित करते हुए पाकुड़ में पदस्थापित किया गया है। वहीं पाकुड़ में दिलीप खलखो के तबादले को विलोपित कर जैप 10 में पदस्थापित किया गया है। संजीव मिश्रा का साहिबगंज मुख्यालय में तबादला किया गया था, जिसे विलोपित कर दिया गया। अब लातेहार मुख्यालय का डीएसपी बनाया गया है। वैसे अधिकारी जिनका पदस्थापन कही नहीं किया गया है, उनको पुलिस मुख्यालय में योगदान देने के लिए कहा गया है। तबादले किये गये डीएसपी को अविलंब प्रभार ग्रहण कर अनुपालन प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

# मार्च में 15 प्रतिशत से अधिक राशि की निकासी पर रोक लगी

## वित्त विभाग ने सभी विभागों को दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च माह में ट्रेजरी से राशि के निकासी के लिए 15 प्रतिशत की अधिसीमा तय कर दी है। केंद्रीय योजना के तहत आवंटन के विरुद्ध पूरी राशि की निकासी की जा सकेगी। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्रांश के रूप में प्राप्त संपूर्ण राशि और समानुपातिक राज्यांश के राशि की भी निकासी की जा सकेगी। वहीं, तृतीय अनुपूरक बजट में प्रावधानित राशि के विरुद्ध निर्गत आवंटन की पूरी राशि की निकासी की जा सकेगी। इसमें यह शर्त है कि यह राशि कार्य के विरुद्ध के लिए हो। इसके अलावा अन्य योजना मध्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त कुल आवंटन के 15 प्रतिशत की सीमा तक ही राशि की निकासी की जा सकेगी। पीएल खाते से भी 15 प्रतिशत की कीमत तक ही राशि की निकासी की जा सकेगी। स्थापना व मध्य अंतर्गत राशि की निकासी होगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिया है और संबंधित निकासी-व्ययन पदाधिकारी एवं कोषागार पदाधिकारी के द्वारा विपत्र तैयार करने, पारित करने की कार्रवाई इसी दिशा-निर्देश के अनुसार करने को कहा है।

# एक इंस्पेक्टर समेत 23 एसआइ मुख्यालय में प्रतिनियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात एक इंस्पेक्टर समेत 23 एसआइ को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। डीजीपी के आदेश पर डीआइजी कार्मिक ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक इंस्पेक्टर और एसआइ का स्वेच्छा मनोनयन की मांग की गयी थी। इसके बाद इन लोगों ने सूची विभिन्न जिलों से पुलिस मुख्यालय भेजी गयी थी। पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार में 23 लोगों का चयन किया गया। इनमें देवघर में पदस्थापित इंस्पेक्टर डोमन रजक, गिरीडीह में तैनात एसआइ मुकेश कुमार, रांची में तैनात एसआइ सौरभ कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार टुडू, दीनबंधू कुमार, कृष्ण रजवार, कुणाल कुमार, गुमला में तैनात एसआइ संगीता तिग्गा, सत्यप्रकाश रवि, खूंटी में तैनात एसआइ सुरेंद्र कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, गढ़वा में तैनात एसआइ निलेश कुमार, उदित प्रकाश, जमशेदपुर में तैनात एसआइ दिवाकर तिवारी, दिपिका तिग्गा, हजारीबाग में तैनात एसआइ प्रियंका तिर्की, होलिका तिग्गा, चाइबासा में तैनात एसआइ दीपक कुमार द्विवेदी, अनिल भुइयां, हिमांशु कुमार, लक्ष्मण कुमार राम, सरायकेला में तैनात एसआइ खुशबू रानी और पलामू में तैनात एसआइ सुभाष चंद्र लकड़ा का नाम शामिल है। जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किये गये इंस्पेक्टर और एसआइ को यथाशीघ्र योगदान कराना सुनिश्चित करें।

# आपसी विवाद में हत्या मामले में दो को उम्रकैद

**रांची (आजाद सिपाही)। आपसी विवाद में युवक का अपहरण कर हत्या के मामले में आरोपी बबलू उरांव और खदी उरांव को अपर न्याययुक्त एमसी झा की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही इन पर 45-45 हजार का जुर्माना भी लगाया है। राशि नहीं देने पर अभियुक्तों को एक-एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 24 जनवरी 2018 को सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन में गोवर्धन गोप गया था, जो वापस घर नहीं आया था। इसे लेकर सोहर गोप ने अपने बेटे गोवर्धन गोप का अपहरण का मामला लापुंग थाना में कांड संख्या 5-2018 के तहत दर्ज कराया था। बाद में 30 जनवरी 2018 को गोवर्धन गोप का शव डूमर झरिया तिलैया जंगल में पाया गया था। गोवर्धन गोप की हत्या लाठी डंडा और पत्थर से मारकर की गयी थी।**

# राष्ट्रपति से मिलेगा इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधि मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इसको लेकर जेएमएम महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्ट्रपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये। विनोद पांडेय ने बताया कि झारखंडी अस्मिता से जुड़ी प्रमुख मांग और सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति आधारित बिल झारखंड विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा गया था। इसमें कुछ विधेयक को राजभवन ने वापस कर दिया। इसके बाद फिर से विधानसभा से इन विधेयकों को पास करके राज्यपाल के पास भेजा गया है। इन तमाम मांगों को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता है।

# कोर्ट की सुरक्षा को लेकर डीआइजी देंगे रिपोर्ट

## सभी डीआइजी पुलिस मुख्यालय को भेजेंगे रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआईजी पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट देंगे। कोर्ट सुरक्षा को लेकर यह निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी हुआ है। सभी कोर्ट परिसर और आवासीय परिसर में सीसीटीवी लगाने का काम किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को यह निर्देश दिया है कि जहां-जहां सीसीटीवी लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया है, उसे त्वरित गति से पूरा किया जाये। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह जैप आइटी से संपर्क स्थापित कर हर हाल में 31 मार्च तक सीसीटीवी लगाने का कार्य पूरा कर लें। रेंज डीआइजी को निर्देश दिया गया है कि वे अगले 10 दिनों के भीतर सभी न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर पुलिस मुख्यालय को समर्पित करेंगे। इसके बाद उसे दूर करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

08 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 138









### पीएम 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम में हुए शामिल

# ये नया जम्मू-कश्मीर, दशकों से था इसका इंतजार : मोदी

**श्रीनगर में 6400 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। एक हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका



दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां जे एंड के बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपये तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आये। आज ये खुलकर सांस ले रहा है। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है।

### हाइकोर्ट की किसान नेताओं को फटकार, कहा

# बच्चों की आड़ में प्रदर्शन शर्मनाक

**हथियारों के साथ शांतिमय प्रदर्शन कैसे हो रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट ने पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन पर कड़ी टिप्पणियां की हैं। किसान नेता बलबीर राजेवाल और अन्य की तरफ से दायर याचिका पर हाइकोर्ट ने कहा कि किसान आंदोलन में बच्चों को आगे किया जा रहा है। यह बड़े शर्म की बात है कि बच्चों की आड़ में हथियार समेत प्रदर्शन किया जा रहा है। कैसे माता-पिता हैं। किसान क्या कोई जंग करना चाहते हैं। ये पंजाब का कल्चर नहीं। हाइकोर्ट ने कहा कि किसान नेताओं को गिरफ्तार कर चेन्नई की जेल में भेजना चाहिए। किसानों को कोर्ट में खड़े होने का अधिकार नहीं है। किसान आंदोलन को लेकर दो राज्यों की सरकारें अपना काम करने में नाकाम रहीं। हरियाणा सरकार ने हाइकोर्ट को किसानों के प्रदर्शन के कई फोटो दिखाये। हाइकोर्ट ने सवाल पूछा कि हथियारों के साथ शांतिमय प्रदर्शन कैसे हो रहा है?

### सरायकेला-खरसावां को मिली 356.27 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

# रोटी, कपड़ा और मकान प्राथमिकता: चंपाई

**मुख्यमंत्री ने गम्हरिया स्थित खरकई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार राज्य के सतत विकास की दिशा में लगातार प्रयत्नशील है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित खरकाई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

**सभी किसानों के खेतों में पहुंचायेंगे पानी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई-पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत है। इसी क्रम में पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास किया गया। प्रयास है कि आने वाले दिनों में छोटे-बड़े सभी वर्ग के किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्यवासी लाभान्वित हो रहे हैं। अब सरकार ने 50 वर्ष की उम्र पूरी कर चुकी महिलाओं के लिए पेंशन योजना की शुरुआत की है।

**सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक, शैक्षणिक-सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने का काम निरंतर जारी है। बच्चों की पढ़ाई का सारा खर्च सरकार निर्वहन कर रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। सरकार ने अतिरिक्त 20 लाख हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों को राशन मुहैया कराया है।

**मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें :** मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां को 84 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 11 योजनाओं का उद्घाटन और 73 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इसके तहत 356 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च होंगे।

**इनकी रही मौजूदगी :** मंत्री बादल, विधायक दशरथ गागराई, सबिता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग नागेश मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।




## मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में रखी मेधा डेयरी प्लांट की आधारशिला

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि इसे अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। मुख्यमंत्री जमशेदपुर के बालीगुमा में मेधा डेयरी प्लांट के भूमि पूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। कहा कि किसानों की खुशहाली से ही राज्य की समृद्धि संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सरकार के द्वारा विकास के जो कार्य किये गये हैं, वह पिछले 19 वर्षों में नहीं हुआ। झारखंड की जनजातीय और स्थानीय भाषा-संस्कृति को बचाने और समृद्ध बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में बच्चे अब अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करेंगे। इस दिशा में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी की पेपर लीक की वजह से रद्द हुई परीक्षा को लेने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। यह परीक्षा बहुत जल्द आयोजित की जायेगी। लगभग 30 हजार शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया चल रही है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड को बेहतर बनाने के लिए अच्छी सोच जरूरी: सुदेश

## पूर्व डीआइजी संजय रंजन समेत कइयों ने ली आजसू पार्टी की सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड को बेहतर बनाने के लिए अच्छी सोच जरूरी है। ऐसे लोगों को एक मंच पर लाने की हमारी कोशिशें लगातार आगे बढ़ रही हैं। हमें सभी के विश्वास पर खरा उतरना है। सुदेश महतो गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पूर्व डीआइजी संजय रंजन, उद्यमी कपिल कपूर, अधिवक्ता मेघा कपूर, डॉ प्रतीक वर्मा समेत कइयों ने सदस्यता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी ने हमेशा से युवाओं, महिलाओं और बुद्धिजीवियों का कद्र किया है। आजसू पार्टी आप सभी को सार्वजनिक जीवन में जनता की सेवा करने का सशक्त मंच देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने जनता को छला है। सरकार की वादाखिलाफी का जवाब जनता इन्हें देगी।

### इनकी रही उपस्थिति

बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, मुकुंद चंद्र मेहता, हसन अंसारी, डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, सुबोध प्रसाद, डॉ सुधीर यादव, मनोज सिंह, जीतेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, डॉ यूसी मेहता, सीमा सिंह, एस अली, डॉ अशोक नाग, ब्रजमोहन कुमार, परवाज खान उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नवनिर्मित मंदिर की त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा हर्षोल्लास से मना। तीसरे दिन महास्नान, मूर्ति प्रतिष्ठा, अभिषेक, शृंगार, छप्पनभोग, हवन और संध्या आरती की गयी। पुष्पांजलि और कुंवारी कन्याओं की पूजा के बाद भोग वितरण किया गया। धनबाद से आये कलाकारों ने भजनों की अमृत वर्षा की। गुरुवार को वार्ड नंबर 36 पीपर टोली तारानगर नागड़ा ढीपा अरगोड़ा पुंदाग पंच मंदिर का निर्माण हुआ है। सचिव बीरेंद्र साहू ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सभी लोगों ने दिल खोल कर आर्थिक सहयोग किया। 8 मार्च को मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष छोटन सिंह ने बताया कि पंच मंदिर परिसर पीपरटोली तारानगर में रुद्राभिषेक किया जायेगा।

# सपनों की बीएमडब्ल्यू बाइक 2.90 लाख से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बीएमडब्ल्यू मोटरराड ओरमांझी एक आकर्षक वित्तीय योजन की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जो आपके सपनों की बाइक को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाया है। प्रीमियम मोटरसाइकिल की दुनिया में अग्रणी रूप में बीएमडब्ल्यू मोटरराड न केवल मशीनें, बल्कि एक अद्वितीय स्वामित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहक अब प्रतिस्पर्द्धी वित्त पोषण विकल्पों के आश्वासन के साथ अपने दोपहिया साहसिक कार्य शुरू कर सकते हैं।

आकर्षक ब्याज दर (4.99 प्रतिशत नियम एवं शर्तें लागू) पर उपलब्ध है। इसका आकर्षक मूल्य शुरुआती सीमा 2.90 लाख है। ग्राहकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सवारी और ग्राहक सहभागिता कार्यक्रम भी आयोजित करता है। इसलिए आज ही ओरमांझी के शोरूम में जायें और पसंदीदा बाइक खरीदें।

## आबादी के अनुसार मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित हो

# राज्य में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार दे इंडिया गठबंधन : अजहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुस्लिम मजलिस ए उलमा ने राज्य में मुसलमानों की आबादी के अनुपात में 4 लोकसभा सीटों की मांग की है। गुरुवार को पथलकुदवा स्थित आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी से वंचित रखने की हरमुमकिन कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में मुसलमानों को आबादी के अनुपात भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गयी, तो बड़े पैमाने पर अभियान चला कर तथाकथित सेक्युलर दलों और जाति-धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों का चेहरा बेनकाब किया जायेगा। कहा कि इंडिया और एनडीए दोनों से मांग करते हैं कि पूरे देश में मुसलमानों को आबादी के अनुपात राजनीति में भागीदारी को सुनिश्चित करे, नहीं तो चुनाव में मुसलमानों से खुलेआम नोटा का प्रयोग करने का आह्वान करेंगे।

## महिला दिवस पर विशेष

### महिलाओंको सशक्त बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का एलान



राजश्री जयंती

**रांची।** 1908 में अमेरिका में मजदूर आंदोलन हुआ, जिसमें करीब 1500 महिलाएं भी शामिल हुईं। उनकी मांगें थीं मतदान का अधिकार और नौकरी के घंटे कम करके वेतन में बढ़ोतरी करवाना। एक वर्ष के बाद 8 मार्च 1909 को महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का एलान किया गया। तबसे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। इस दिवस के लिए प्रत्येक वर्ष अलग-अलग थीम रखी जाती है। इस वर्ष महिला दिवस का थीम है इंस्पायर इन्क्लूजन है। अर्थात एक ऐसी दुनिया जहां सभी को सम्मान और बराबर का हक मिले। विश्व प्रसिद्ध नारीवादी, पत्रकार और कार्यकर्ता ग्लोरिया स्टीनम ने कहा था कि समानता के लिए महिलाओं के संघर्ष की कहानी किसी एक नारीवादी या किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि उन सभी के सामूहिक प्रयासों का है, जो मानवाधिकारों की परवाह करते हैं। अभी हाल ही में शीर्ष अदालत ने निर्णय में कहा कि गृहिणी द्वारा परिवार के लिए किया गया योगदान अमूल्य और उच्च कोटि का होता है। जस्टिस सूर्यकांत और विश्वनाथन की पीठ ने यह भी कहा कि गृहिणी के योगदान का मौद्रिक आकलन करना मुश्किल है। न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी दुर्घटना में महिला की मौत से जुड़े दावे की सुनवाई के दौरान की गयी थी।

**लेखिका- भाजपा की प्रशिक्षण सह प्रमुख, साहित्यकार और ग्रामीण बैंक की निदेशक हैं।**

### महिला सशक्तिकरण के लिए एक हार्दिक आह्वान

### जंजीरें तोड़ना और भविष्य को आकार देना



बिभा सिंह

मानव जीवन की ऐतिहासिक जटिल रंगमंच में महिला सशक्तिकरण को उनकी दशा-दिशा में प्रगति एवं भावनाओं को समाहित करते हुए पुरुषों के समकक्ष लाकर खड़ा कर दिया है। जैसे-जैसे हम सशक्तिकरण के परिदृश्य में गमन करते हैं, वहां सनातन धर्म की शिक्षाओं में महिलाओं को शक्ति और ममता के प्रतीक के रूप में उनके आंतरिक गुणों को सशक्तिकरण का अमूल्य उपहार माना गया है। महिला दिवस की दहलीज पर खड़ी महिलाओं के कल्याण एवं उनके जीवन की विभिन्न गतिविधियों में लैंगिक समानता और विश्व रंगमंच पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों महिलाओं के दिलों में लचीलेपन तथा संघर्षो की गाथाएं गूंजती हैं।

**वैवाहिक अपेक्षाएं:** भारतीय परंपराओं में उत्सव की धुन एवं व्यक्तिगत आकांक्षाओं के बीच महिलाओं का मूक संघर्ष खत्म हो जाता है। मानसिक बंधनों को समाप्त करने के लिए प्रेरित करती है। इनके लिए कार्यस्थल की गतिशीलता, घर पर मानसिक मुक्ति और अन्य मुद्दों पर विचार जरूरी है।

**सशक्तिकरण समाधान :** जैसे ही हम सभी अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के जश्न में एकत्रित होते हैं, हमें अपनी भावनाओं की शक्ति को अपना कर नकरात्मक आंकड़ों को समाप्त करने की जरूरत है, जिसके लिए कानूनी सुधार, सामुदायिक आख्यान, समाष्टिगत जवाबदेही, शैक्षणिक प्रतिमान में परिवर्तन की जरूरत और वैश्विक महिला संघ का निर्माण जैसी पहल जरूरी है।

*अंततः हम कह सकते हैं कि*
*मुस्कुराकर, हर दर्द भुलाकर, रिश्तों में बंद थी दुनिया सारी,*
*हर पग को रौशन करने वाली, वो शक्ति है देश की नारी।।*
*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।।*

**(लेखिका : झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, शहीद चौक, रांची की चेयरमैन हैं।**

# विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में जुटे लोग

**सांसद संजय सेठ ने मोदी सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर दिया जोर**

आजाद सिपाही संवाददात




**रांची।** सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। रांची के दो दर्जन से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभायी। महामंत्री कर्मवीर सिंह ने वोट के महत्व पर चर्चा की। संगठन महामंत्री ने प्रधानमंत्री की नीतियों और कार्यों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने सांसद संजय सेठ के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रयासों की भी सराहना की। सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि विकसित भारत के लिए इस देश के हर नागरिक ब्रांड एंबेसडर है। प्रधानमंत्री जब विकसित भारत की बात करते हैं, तो उसमें देश के हर नागरिक की भूमिका समाहित होती है। सांसद ने रांची के विकास के लिए किये गये प्रयासों की चर्चा की। सांसद ने विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सभी प्रबुद्धजन और नागरिकों का सहयोग मांगा।

कार्यक्रम में भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, महामंत्री बलराम सिंह, संजीव विजयवर्गीय, जीतेंद्र वर्मा, चंद्रकांत रायपत, छवि विरमानी, जवाहर तनेजा, मुकुल तनेजा, ललित पोद्दार, पुनीत पोद्दार, ललित केडिया, राजीव सहाय, हरविंदर सिंह बेदी मौजूद रहे।

# मेडिका हॉस्पिटल ने सशक्त महिलाओं को किया सलाम

आजाद सिपाही संवाददात




**रांची।** भगवान महावीर सुपर स्पेशयलिटी मेडिका हॉस्पिटल ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए 50 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया। समारोह को मेडिका महिला दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें पद्मश्री छुटकी देवी, जैप कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा, उद्यमी रिंकू लोहिया उपस्थित रहीं। मेडिका हॉस्पिटल ने जिला परिषद की अध्यक्ष, मुखिया, वार्ड पार्षद, समाजसेवी, खिलाड़ी, एयरहोस्टेस और स्वयंसेवी संस्थानों से जुड़ी महिलाओं को एक मंच पर लाकर समाज में उनके योगदान को सराहा। छुटकी देवी ने डायन प्रथा के उन्मूलन के लिए अद्वितीय संघर्ष की दास्तां बयां की, तो सरोजनी लकड़ा ने आइपीएस अधिकारी के रूप में अपने संघर्षों की प्रेरणादायक कहानी साझा की। रिंकू लोहिया ने बताया कि किस प्रकार प्रत्येक महिला का संघर्ष अपने आप में एक मिसाल पेश करता है। मेडिका हॉस्पिटल के अनिल कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल की नीति के अनुसार 70 प्रतिशत महिला कार्यबल सक्रिय हैं, जो हमारी संस्था की शक्ति और समर्पण को दर्शाता है।

**इनकी रही मौजूदगी :** भारती ओझा, पायल पांडेय, डॉ अनिंद्य अनुराधा, डॉ अंजना गांधी, डॉ रश्मि सिंह, डॉ स्निग्धा चटर्जी, डॉ अर्चना, डॉ शीतल बंकर, जीएम मनीष गुरुदत्त, एचआर हेड पियुली चटर्जी, मार्केटिंग हेड मानस लाभ, विकास मिश्र, अनुकृति आलोक और अंकिता बंदोपाध्याय, संजय महतो की भूमिका सरहनीय रही।

# सरला-बिरला विवि में आस-पड़ोस युवा संसद

आजाद सिपाही संवाददात




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा परिसर सभागार में जिलास्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माई भारत एप लोगो का शुभारंभ भी किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह ने सांसद और विधायक की भूमिका के साथ आम जनता से उनकी अपेक्षा की भी चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रहित में समर्पित प्रत्याशियों के चयन पर जोर दिया। चुनाव के दौरान पैसे के दुरुपयोग और जात-पात के नाम पर वोट देने को उन्होंने लोकतंत्र के हित में घातक करार दिया। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने अनुशासन और मर्यादा को सभी नागरिकों के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। युवा संसद में युवा नेताओं ने संसद में सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष की तरह सरकार की नीतियों ओर योजनाओं पर बहस में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ आरोही आनंद, एसपी सिंह, गौरव कुमार, आनंद ठाकुर, डॉ वासुदेव, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामना प्रेषित की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### संतोष कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स, संतोष नर्सरी स्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग-कॉलेज ऑफ लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों का सम्मान सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मेंबर सेक्रेटरी कुमारी रंजना अस्थाना उपस्थित थीं। अतिथि के रूप में झालसा के डिप्टी मेंबर सेक्रेटरी अभिषेक कुमार, महिला स्वयं सहायता समूह की सचिव विमला बड़ाइक उपस्थित थीं। मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा ट्राइबल फूड स्टॉल लगाया गया। एडीजी प्रिया दुबे ने खेल में विजेता स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया संस्थान की निदेशिक डॉ रश्मि ने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में महिलाओं का कुशल नेतृत्व मिल रहा है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में महिला दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय महिला सेल और भारतीय महिला अध्ययन संघ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 5 मार्च को आयोजित लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डीपीआरओ निशा कुमारी, अधिवक्ता रश्मि लाल बतौर अतिथि उपस्थित थीं। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एक आंदोलन है, जो पुरुषों और महिलाओं के बीच सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विभाजन को खत्म करने का प्रयास करता है। वैश्विक स्तर पर महिला सशक्तिकरण भौतिक या आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक सभी स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। अधिवक्ता रश्मि लाल ने बताया कि किस तरह से आज भी महिलाओं को नौकरी करने से हतोत्साहित किया जाता है। सिर्फ कानून का होना ही पर्याप्त नहीं होता है। जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक महिलाओं को सुरक्षा देने की नीयत से बने कानून सार्थक नहीं हो सकेंगे। झारखंड महिला अध्ययन प्रोजेक्ट की प्रभारी डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कुछ तथ्यों की व्याख्या करते हुए समाज की वास्तविक स्थिति की चर्चा की। छात्रा वीणा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे 1500 रुपये पुरस्कार राशि दी गयी। मौके पर अनिता मेहता, डॉ नमिता सिंह, डॉ एसएम अब्बास, शमा सोनाली, शुचि संतोष बरवार, रीना नंद, प्रो राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज में फ्रेशर्स डे मना



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज में 7 मार्च को फ्रेशर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर सत्र 2023-2025 के छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर संदीप कुमार, मिस फ्रेशर प्रियंका आदित्य देव को चुना गया।

### नंदी पर सवार होकर शिव-पार्वती देंगे चुटियावासियों को आशीर्वाद

रांची (आजाद सिपाही)। प्राचीन श्री राम मंदिर शिव बारात समिति चुटिया के तत्वावधान में आरपीएफ शिव मंदिर से हर्षोल्लास के साथ बारात निकलेगी, जो चुटिया थाना, इंदिरा गांधी चौक, राम मंदिर, पावर हाउस चौक, अमर चौक होते हुए ऐतिहासिक महादेव मंडा प्रांगण पहुंचेगी। प्रांगण में स्थित देवी मंदिर में विधि विधान के साथ रात्रि में शिव विवाह संपन्न होगा। बारात में झारखंडी संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए चुटिया के लोक कलाकार शामिल रहेंगे। साथ ही रामगढ़ से आयी ताशा पार्टी भी बारात को झूमने को मजबूर कर देगी। बारात में कोलकाता से शिव पार्वती, भगवान विष्णु, भगवान ब्रह्म आदि की जीवंत झांकी प्रस्तुत की जायेगी। श्री राम मंदिर समिति पिछले 12 वर्षों से शिव बारात का आयोजन करती आ रही है। रास्ते में चुटिया के नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत जगह-जगह पर किया जाता है। साथ ही महादेव मंडा में बारातियों के लिए प्रसाद वितरण और स्वागत किया जायेगा।

### वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक 10 को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक 10 मार्च को रांची में होगी। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने गुरुवार को कहा कि झारखंड प्रदेश तेली समाज और रौनियार वैश्य समाज की ओर से लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ-सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए। तेली और रौनियार समाज को उम्मीदवार बनाकर वोट मांगने का अधिकार प्राप्त करना चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### ओबीसी एकता अधिकार मंच की जनसभा 10 को



रांची (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के द्वारा 10 मार्च को हरमू मैदान में हक-अधिकार की लड़ाई के लिए जनसभा होगी। पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रम्हदेव प्रसाद के द्वारा आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को छोटानागपुर प्रमंडलीय महासम्मेलन में आमंत्रित किया गया। महासम्मेलन में पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के द्वारा अपने हक-अधिकार और समाज में हो रहे अत्याचार को लेकर 11 सूत्री मांग के द्वारा जनहित की समस्या को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### चाइल्ड केयर लीव बढ़ाने पर झासा ने जताया आभार

रांची (आजाद सिपाही)। चाइल्ड केयर लीव को बढ़ाने के निर्णय पर झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने सरकार के प्रति आभार जताया है। संघ ने कहा कि यह बड़ी सफलता है। संघ की मेहनत रंग लायी। राज्य सरकार ने महिला पदाधिकारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव की संघ की मांग को पूरा किया। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूरी कैबिनेट को मांग पूरी किये जाने पर धन्यवाद देता है।

### बीओआइ का क्रेडिट लिंकेज-मुद्रा ऋण शिविर




रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 7 मार्च को गुमला के बसिआ प्रखंड में जेएसएलपीएस और बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा शाखा द्वारा कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि बसिया की एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा और डीपीएम गुमला शैलेंद्र जरीका उपस्थित थे। बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास ने कहा कि मौजूदा समय में बाजारों में डोकरा आर्ट की काफी मांग है और यह उच्च दरों पर खरीद-बिक्री की जाती है। महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल की 111 शाखाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया भगीडेरा शाखा प्रबंधक ने 64 नये-पुराने एसएचजी समूहों का क्रेडिट लिंकेज कराया गया। साथ ही 10 एसएचजी सदस्यों को मुद्रा ऋण स्वीकृत किया गया। मौके पर रांची अंचल के कृषि वित्त विभाग के प्रमुख चंद्रदेव, प्रबंधक जयकिशन गुप्ता और अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश युवा नाई संघ का महासम्मेलन




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश युवा नाई संघ का गुरुवार को राज्य स्तरीय महासम्मेलन झारखंड पुलिस एसोसिएशन गेस्ट हाउस में हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ शामिल हुए। विगत 23 वर्षों से नाई समाज को संगठित करने, हक और अधिकार प्राप्त करने, साथ ही सैलून पार्लर ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर पारिश्रमिक रेट चार्ट में वृद्धि करने और अन्य समाज द्वारा अपमानित करने के खिलाफ दमदार आंदोलन करने का काम संघ द्वारा किया जा रहा है।इस मौके पर संगठन के रामेश्वर ठाकुर, नंदकिशोर चौहान, रामशरण ठाकुर, राजू ठाकुर, संजीत ठाकुर, अवधेश किशोर शर्मा, गणेश ठाकुर, गुरुदेव प्रमाणिक, विजय ठाकुर, कार्तिक ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, विनोद ठाकुर, दिलीप ठाकुर, देवचरण ठाकुर, विजय ठाकुर, शंकर ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, लक्ष्मी देवी, कृति कुमारी, भारती कुमारी, शुभम कुमार, संजू देवी, तारा कुमारी, सरस्वति देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### साइबर फ्रॉड के पैसे से ऑनलाइन आइफोन मंगा कर सस्ते दाम में बेचने वाला साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार



रांची (आजाद सिपाही)। साइबर फ्रॉड के पैसे से ऑनलाइन आइफोन मंगा कर विभिन्न दुकानों में बेचने वाले एक साइबर अपराधी को सीआइडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी चार महीने से राजधानी रांची के कांटाटोली इलाके में रहकर घटना को अंजाम दे रहा था। पढ़ाई के नाम पर जामताड़ा से रांची में किराये का मकान ले रखा था। करीब दो दर्जन आइ फोन जिओ मार्ट और रिलायंस डिजिटल से खरीद रांची के विभिन्न दुकानों में सस्ते दामों में बेचा था। गिरफ्तार अरोपी मूलरूप से जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कुरवा निवासी विष्णु कुमार मंडल है। आरोपी वर्तमान में रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित बंगाली कॉलोनी गली नंबर-5 में रह रहा था। आरोपी के पास से दो आइफोन घटना में प्रयुक्त समेत पांच मोबाइल, दो सिम ओर कांड से संबंधित डाटा पुलिस ने जब्त किया है।

### हेमंत-भानु प्रसाद की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में हुई। कोर्ट ने इन दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 21 मार्च तक बढ़ा दी है। अब इनकी अगली पेशी कोर्ट में 21 मार्च को होगी।

### अवैध बियर के साथ एक गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल हटिया ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन से एक आरोपित को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम नीतीश कुमार है। वह बिहार के नवादा का रहने वाला है। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों मे तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया और आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर एक व्यक्ति को भारी भरकम बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में बैठे देखा। जांच करने पर उसके बैग से 24 बियर की बोतल बरामद की गयी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ट्रेन से ले जाकर उन बोतलों को बिहार में अधिक मूल्यों पर बेचता था।

## आजाद सिपाही की खबर का असर, प्रभारी बीएसओ पहुंचे तमाड़

# बिरहोरों ने कहा-दोषियों पर कार्रवाई हो, तब लेंगे राशन



तमाड़ में 37 मृत लोगों को आज भी दिया जा रहा राशन

ये सभी आदिम जनजाति बिरहोर-पहाड़िया के सदस्य थे



**कहा- डीसी रांची खुद इसकी जांच करवायें नहीं आगे धरना-प्रदर्शन किया जायेगा**

**स्वरूप भट्टाचार्य**

**तमाड़।** आजाद सिपाही अखबार के 6 मार्च को प्रकाशित खबर तमाड़ में 37 मृत लोगों को आज भी दिया जा राशन। ये सभी लुप्त होती आदिम जनजाति बिरहोर पहाड़िया के सदस्य थे। खबर छपने के बाद गुरुवार को प्रभारी बीएसओ व दो-तीन डीलरों को लेकर बुढ़ाडीह व जारगो बिरहोर कालोनी पहुंचे और चावल देने को कहने लगे।

उन्होंने ग्रामीणों को काफी समझाया पर बिरहोर चावल लेने से इनकार कर दिये। फिर मुखिया प्रतिनिधि को भी बुलाया गया लेकिन बिरहोर नहीं माने। बिरहोरों ने कहा कि आवेदन देने और अखबार में खबर छपने के बाद आप लोग क्यों आये। हमलोग कहते-कहते थक गये। यहां के कई लोगों का पीला कार्ड नहीं



बिरहोर पति-पत्नी को नहीं मिलता है राशन

बना है। आज कहते हैं चावल वजन करके देंगे। हर महीने में बोरा खुला रहता था, कम चावल मिलता था, इस पर आप लोग ध्यान नहीं देते थे। हमलोग को नहीं चाहिए चावल। काफी समझाने के बाद जब बिरहोर नहीं माने तो प्रभारी बीएसओ बैरंग लौट गये। बिरहोरों ने एक स्वर में कहा कि डीसी रांची खुद इसकी जांच करवायें नहीं आगे धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

### क्या है मामला

आजाद सिपाही की टीम ने उक्त गांव का दौरा किया था और 37 लोगों को मृत पाया गया था और मृत लोगों के नाम पर भी राशन उठ रहा था। यही नहीं एक आदमी के नाम से दो राशन कांड बने हुए हैं। बुचु बिरहोर राशन कांड नंबर 202005896728 चार साल पहले मर चुकी है। उसके पीला राशन कार्ड पर आज भी राशन मिलता रहा है। पुदोन देवी राशन कार्ड पीला नंबर 202005901141 एक साल पहले मर गयी है। कार्ड पर राशन मिल रहा है। सोमरा बिरहोर पांच साल पहले मरी है। जिनका कांड नंबर 202005896955 है। राशन उठ रहा है। बिषटु मुखिया देवी 202007037247 चार साल पहले मरी है, राशन मिल रहा है। बुधी देवी कार्ड नंबर 202005897347 पांच साल पहले मर चुकी है, उसी राशन कार्ड पर राशन दिया जा रहा है। सोना बिरहोर कार्ड नंबर 202005897332 है, जो पांच साल पहले मर गया पर राशन वितरण दिखाया जा रहा है। बेलबेडा गांव के बुधु पहाड़िया कार्ड नंबर 20200589600 की मृत्यु एक वर्ष पहले हो चुकी है। राशन कागजों में मिल रहा है। यहां आफ लाइन राशन दिया जाता है इसके दो कार्ड हैं 202003932488 है। दोनों कार्ड पर वह जिंदा है। एतवा बिरहोर कार्ड नंबर 202005895603 चार साल पहले मर चुका है। इसको कोई परिवार के सदस्य भी नहीं है फिर भी प्रति माह राशन उठाव हो रहा है। आखिर इनका सरकारी पीला कार्ड का राशन कौन खा रहा है। आपूर्ति कार्यलय के अधिकारी या कर्मचारी या दलाल। यह तो बानगी है, आजाद सिपाही के पास मृतक सभी लोगों की लिस्ट है। यहां ग्रामीणों के कार्ड में दाल तीन किलो चढ़ा हुआ है। सिर्फ एक बार एक किलो दाल मिला था। उसे तीन किलो चढ़ा दिया गया। आवंटन प्रति माह नमक व केरोसिन तेल का है, वितरण भी दिखाया गया लेकिन इन्हें नहीं मिलता है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), BHUBANESWAR
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
सिजुआ, डाक : डुमुडुमा, भुवनेश्वर (ओड़िशा)-751019
एम्स/बीबीएस/डीन/ दिनांक: 2 मार्च 2024
एम्स, भुवनेश्वर में सीनियर रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक) की भर्ती
एम्स, भुवनेश्वर में सीनियर रेजिडेंट (गैर–शैक्षणिक) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन (गूगल फॉर्म के माध्यम से) आमंत्रित किए जाते हैं ।
रिक्तियों की संख्या: 142
पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता, आदि), अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण, विज्ञापन संख्या: एम्स/बीबीएस/डीन/एसआर/49–ए/9971 दिनांक: 1 मार्च, 2024 के माध्यम से वेबसाइट www.aiimsbhbaneswar.nic.in पर उपलब्ध हैं ।
चरण I के लिए आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय | 1 मार्च से 09 मार्च 2024 (दोपहर 1:00 बजे तक)
किसी भी प्रश्न के लिए कृपया शैक्षणिक अनुभाग, एम्स, भुवनेश्वर से संपर्क करें ।
(ईमेल–आईडी : acad_rectt@aiimsbhubaneswar.edu.in)
रिक्त सीट की स्थिति www.aiimsshubaneswar.nic.in पर उपलब्ध होगी । अनिवार्य सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करना होगा ।
उम्मीदवारों को नवीनतम अद्यतन के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट www.aiimsbhbaneswar.nic.in देखते रहने की सलाह दी जाती है ।
स्वा/–
कुलसचिव
एम्स, भुवनेश्वर

### वंदे भारत ट्रेन का 12 को पीएम मोदी दिखायेंगे हरी झंडी

रांची। राज्यवासियों को एक और वंदे भारत की सौगात मिलनेवाली है। इस कड़ी में रांची से वाराणसी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस राजधानीवासियों को मिल जायेगी। इसे लेकर रांची रेल मंडल की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। ट्रेन की शुरुआत 12 मार्च को की जायेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। ट्रेन का उद्घाटन वर्चुअली किया जायेगा। इससे पहले दो वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा-पटना के लिए संचालित हैं। रांची से बनारस वंदे भारत ट्रेन चलने से खास कर उन यात्रियों को लाभ होगा, जो काशी लगातार भगवान शिव के दर्शन करने जाते हैं।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक:– 05.03.2024 (1) ई–निविदा संख्या: 39-GS-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार के लिए समग्र कार्य) सिविल, इलेक्ट्रिकल) जी (इलेक्ट्रिकल) टी आर डी (और एस एंड टी: 24 (चौबीस) महीने, कार्य की लगभग लागत (रूपये में): 31,31,81,437.54, ब्याने की राशि (रूपये में): ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तारीख 08.04.2024 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 09.04.2024 को 12.00 बजे से, बेबसाईट का विवरण: http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। नोट:– (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद
पीआर/02461/डीएचएनजीएस/एमईसीएच/टी/23–24/36

## हर क्षेत्र में महिलाओं को मान-सम्मान मिले : कल्पना सोरेन

**महिलाओं को 2 साल का मातृत्व अवकाश दिये जाने के फैसला का कल्पना सोरेन ने किया स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** चंपाई सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मियों को दो साल का मातृत्व अवकाश दिये जाने का फैसला किया है। इसे लेकर बुधवार को कैबिनेट ने प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है। इस फैसले का पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। सीएम चंपाई सोरेन ने महिलाओं को एक खास उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि मैं मानती हूं कि अन्य क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं के संबंध में भी इस ढंग का निर्णय होना चाहिए। यह महिला अधिकार से जुड़ा विषय है।

कल्पना सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास में महिला कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें महिला दिवस पर ही महिलाओं की बात नहीं करनी चाहिए। समाज में हर समय हर मोड़ पर महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। हर क्षेत्र में महिलाओं को मान-सम्मान मिले इसका ध्यान सभी को रखना चाहिए। कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री आवास पहुंची सैकड़ों महिलाओं को संबोधित कर रही थीं।

## एसबीआइ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**एसबीआइ के जरिये अपने कारनामों पर पर्दा डालना चाहती है केंद्र सरकार: कांग्रेस**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट से कड़ी फटकार लगने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विचलित हो गये हैं। अब वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जरिये कारनामों से पर्दा डालना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआइ को निर्देश दिया था कि 6 मार्च तक इलेक्ट्रोल बांड के जरिये विभिन्न पार्टी फंड में आये पैसे का हिसाब दें और चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट में इसे सार्वजनिक करे। मगर अब पीएम मोदी के इशारे पर एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट जाकर 30 जून का समय मांगा है। यह केंद्र सरकार को मदद करने का एक रास्ता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उक्त बातें कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को एसबीआइ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान कहीं। प्रदर्शन रांची जिला राकेश किरण और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा के नेतृत्व में किया गया। कहा कि चुनावी बांड के प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारुढ़ भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में कमल ठाकुर, प्रिंस भट्ट, जीतेंद्र त्रिवेदी, अरुण कुमार मिश्रा, हैदर अली, अख्तर अली, गुलाम रब्बानी, दिलावर खान, अजय मंडल, राहुल वर्मा, छोटू सिंह, रोहित सिंह, डीके सिंह, मोहित गौरव सिंह, मिथिलेश तिवारी समेत अन्य मौजूद थे।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर ऊर्जा श्रमिकों ने दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से गुरुवार को ऊर्जा विकास निगम के समक्ष धरना-प्रदर्शन सह घेराव किया गया। घेराव संघ की पांच सूत्री मांगों के लिए किया गया। अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि ऊर्जा विकास निगम की वादाखिलाफी के कारण संघ को आंदोलन करना पड़ रहा है। निगम जब तक संघ की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। श्री राय ने कहा कि पूर्व में भी दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण के लिए अलग-अलग राज्यों के हाइकोर्ट ने आदेश दिया था, जिसका पूर्व में भी हवाला दिया गया है। इसके बाद भी इन दैनिक कर्मियों के नियमितीकरण के लिए कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज, मतदान केंद्रों को बनाया जायेगा मॉडल बूथ

# सुविधाएं बहाल होने से बेहतर परिणाम सामने आयेंगे: रविकुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होने से बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। मतदाता मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा पहुंचेंगे। इससे मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकेगा। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय से काम करने की आवश्यकता है। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण करें। निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की कोताही अक्षम्य है। ये बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहीं। वे गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत अब तक की गयी तैयारियों को लेकर राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य गर्मी के मौसम में हो रहा है। ऐसे में सभी मतदान केंद्रों पर शेड-पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये, ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो। मतदान केंद्रों



के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चत करें।

**मतदान दिवस को महापर्व के रूप में मनायें**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनायें। सभी मतदाता महापर्व में भागीदार बने। इसके लिए लोगों के बीच संदेश प्रसारित-प्रचारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ऐसी व्यवस्था तैयार करें, ताकि लोग पर्व त्योहार की तरह पहुंचे और मतदान करें।

**पुलिस पदाधिकारी विधि व्यवस्था रखें सख्त**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के दौरान विधि-व्यवस्था सख्त रखने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने शराब-नकदी, अवैध आवागमन पर कड़ी निगरानी रखते हुए सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया।

**नक्सल क्षेत्र के लिए विशेष कार्ययोजना: एवी होमकर**

नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गयी तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली कार्रवाई, अर्धसैनिक बल से कार्रवाई, सीमावर्ती राज्यों के साथ समन्वय, बॉर्डर चेक पोस्ट पर अबतक की गयी कार्रवाई की समीक्षा की।

**इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त, आइजी, डीआइजी, डीसी, एसएसपी, एसपी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, नेहा अरोड़ा, सुबोध कुमार, गीता चौबे, आनंद, देवदास दत्ता, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मलेन, महिलाओं को किया गया सम्मानित

# महिलाओं को सम्मान मिले, यह प्राथमिकता: सुदेश

**सिल्ली में नवनिर्मित कला सांस्कृतिक भवन का किया लोकार्पण**

आजाद सिपाही संवाददाता



महिलाओं को सम्मानित करते सिल्ली विधायक सुदेश महतो।



कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित महिलाएं व अन्य।

**रांची।** महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। नारी शक्ति के सम्मान के बिना सभ्य और प्रगतिशील समाज की कल्पना भी अधूरी है। भारतीय संस्कृति में भी महिला सम्मान सर्वोपरि है। उक्त बातें सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने कही। वे गुरुवार को नवनिर्मित कला-सांस्कृतिक भवन के उद्घाटन सह सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को विकसित, शिक्षित और सशक्त बनाने में यहां की महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। उनके योगदान और साथ से हम राज्य के नवनिर्माण की भी पटकथा लिखेंगे। सुदेश महतो ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में राज्य के अंदर इस सरकार की गलत नीतियों और दिशाहीन नेतृत्व के चलते महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और हिंसा में बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं को पीएचडी तक की निःशुल्क शिक्षा का वादा कर सत्ता में आयी यह सरकार अपने वादे को भूल गयी है।

## कला-संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

सुदेश महतो ने कहा कि कला संस्कृति समाज में सहयोग, सहभागिता, समानता, समृद्धि और समरसता को बढ़ावा देती है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है और इसे वैश्विक पटल पर स्थापित करना है। इसी उद्देश्य को धरातल पर उतारते हुए सिल्ली में बने विश्वस्तरीय कला-सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया गया।

## निवर्तमान बीडीओ को दी गयी विदाई नये बीडीओ ने ग्रहण किया पदभार



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नये बीडीओ शशि नलनी डुगंडुगं ने गुरुवार को पदभार संभाला। वहीं, इस दिन प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित कर पूर्व बीडीओ गौतम प्रसाद साहू को विदाइ दी गई। बतातें चलें कि गौतम साहू को प्रोन्नति देकर सरायकेला के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। वहीं. नए बीडीओ नलनी डुगंडुंग ने कहा कि सरकार के मानक नियमों के दायरे में योजनाओं को कार्यान्वयन के साथ न्याय संगत क्षेत्र का सर्वांगिन विकास के लिए पहल करूंगी। गरीब और मजदूर तबके के लाभुकों को अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन सहित सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचा कर समाज की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर जिप सदस्य रीणा देवी, प्रमुख किरण उरांव, सीओ विजय कुमार, उप प्रमुख परवेज आलम, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, विधायक प्रतिनिधि रमेश महली आदि मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन बीएसओ हेमंत टोप्पो ने की।

## मांगे पूरी नहीं होने पर 25 मार्च से हड़ताल की चेतावनी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर साइडिंग से विस्थापित ग्रामीणों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक के नाम कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। विस्थापित ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में बताया गया कि पिपरवार में कोयला खदान एवं राजधर रेलवे साइडिंग चालू होने के बावजूद अभी तक कई विस्थापित रैयतों की नौकरी मुआवजा और पुनर्वास लंबित पड़ा हुआ है, जिस पर प्रबंधन का किसी प्रकार का ध्यान नहीं है। जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा प्रबंधन को ज्ञापन देकर 24 मार्च तक मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि 24 मार्च तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो 25 मार्च से राजधर रेलवे साइडिंग के अलावा सीसीएल से जुड़े अन्य सभी कार्यों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जाएगा। ज्ञापन में अधिग्रहित भूमि के बदले लंबित नौकरी देने एवं मुआवजा को जल्द भुगतान करने, लंबित रैयतो के पेड़ पौधा का मुआवजा देने, ठेकेदारी में 70 प्रतिशत काम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को देने, साईडिंग से निकलने वाले सरकारी एवं गैर सरकारी रेट में त्रिपालिंग करना आदि शामिल है। वहीं, ज्ञापन सौंपने वालों में पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, वीरेंद्र उरांव, जाहिद अली, राजू उरांव, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद यूसुफ, गोविंद विश्वकर्मा, आफताब अहमद सहित अन्य शामिल थे।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं का प्रशिक्षण संपन्न



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना सभागार और सितु पंचायत भवन में टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा संचालित मानसी प्लस परियोजना की ओर से दो बैच का प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। मानसी प्लस परियोजना के कोऑर्डिनेटर बिंदुमति सिंह मुंडा ने बताया कि टीएचआर एवं स्थानीय उपलब्ध सामग्रियों में व्यंजन तैयार करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई थी। दो बैच में कुल सात पंचायत के सहायिका शामिल हुए। बताया कि पूरे प्रखंड के आंगनवाड़ी सहायिकाओं को यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। शेष सात पंचायत के सहायिकाओं को 11 व 12 मार्च को बाल विकास परियोजना सभागार और सितु पंचायत भवन में दिया जाएगा। मौके पर सितु की मुखिया लक्ष्मी देवी, मास्टर ट्रैनर रंजीता महतो और कृतिका कुमारी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि आज, शिवलयों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में महाशिवरात्रि का त्यौहार शुक्रवार को पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम सहित सभी शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिला मुख्यालय स्थित पुरातन शिवलय महादेव मंडा में शहनाई बजेगी। थाना परिसर स्थित शिवालय से बाजे-गाजे के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात निकलेगी, जो महादेव मंडा तक जायेगी।

# होल्डिंग टैक्स बकाया रखनेवाले लोगों का फ्रिज होगा बैंक अकाउंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत, राज्य सरकार के अनुमोदन पर आधारित राजस्व संग्रह के तय मानदंडों एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण के लिए प्रतिबद्ध है। लक्ष्य का लगभग 83 फीसदी होल्डिंग टैक्स में प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष अब समाप्ति पर है, लेकिन कई धृतिधारकों द्वारा अपना होल्डिंग टैक्स जमा करने के प्रति सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया जा रहा है। यह जानकारी नगर पंचायत की प्रशासक दीप्रिया सृष्टि मिंज ने विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि गत 14 फरवरी को 12 बड़े बकायेदारों की सूची आम सूचना के माध्यम से प्रकाशित की गई है। इन बकायेदारों का कुल तीन लाख 70 हजार रुपये पिछले कई सालों से बकाया है। जो बकायेदार अपना होल्डिंग कर 31 मार्च 2024 के पहले नगर पंचायत में जमा नहीं करते हैं, उनका बैंक खाता फ्रिज करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत पदाधिकारी, कर्मी एवं जनसुविधा केंद्र सामूहिक कार्य प्रणाली के अंतर्गत बकाये होल्डिंग धारक को राजस्व जमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में सुदीप कुमार राम द्वारा गुरुवार को 60 हजार रुपये का भुगतान चेक के माध्यम से किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक विपिन बिमल टोप्पो, लिपिक सुजल कुमार, स्पैरो प्रालि से किशोर चंद्र एवं तरूण तिडू उपस्थित थे।

# भारी अनियमितता: छह महीने में ही उजड़ी सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के नावाडीह-जामुदाग पीडब्ल्यूडी सड़क छह महीने में ही उजड़ गयी है। इसके साथ ही भारी अनियमितता भी उजागर हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मति कार्य में भारी अनियमितता बरती गई थी। साल 2023 में 5 मार्च को धूमधाम से सड़क मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया था। सितंबर-अक्टूबर में सड़क निर्माण भी पूर्ण हो गया था। सड़क कार्य पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रांची ग्रामीण के अंतर्गत मजबूतीकरण/राईडिंग क्वालिटी में सुधार कर बनानी थी। सड़क की लंबाई 8.10 किलोमीटर है, जिसे दो करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से बताई गई है। पर छह महीने में ही सड़क निर्माण कार्य में की गई गड़बड़ी की कलई खुल गई। सड़क धंसने लगी है। तीन फीट तक गड्ढा हो गया है। जामुदाग व कांशीडीह के बीच में सड़क उजड़ गया है, जहां आये दिन दो पहिया वाहन से गिरकर दर्जनों लोग चोटिल होते रहते है। ग्रामीणों ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस बाबत प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। खानापूर्ति कर सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण दिखाई गई है। उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, मुखिया सावना महली ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़क कार्य होने से छह महीने में कोई भी सड़क उजड़ती नहीं है। विभागीय अधिकारी और संवेदक द्वारा कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है जांच होनी चाहिए और दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए। उधर, सहायक अभियंता सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मुझे सड़क उजड़ने की जानकारी नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी। कनीय अभियंता से संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# सड़क दुर्घटना में सैट जवान की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-मुरहू रोड में अनिगड़ा गांव के समीप गुरुवार देर शाम ऑटो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान खिस्टोफर टोप्पो के रूप में हुई है। वह मुरहू थाना में सैट जवान के रूप मे पदस्थापित है। जानकारी के अनुसार महुआडांड़ लातेहार निवासी सैट जवान खिस्टोफर टोप्पो रांची से इलाज कराकर बाइक से मुरहू लौट रहे थे। घटनास्थल के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रहे मैक्सिमा ऑटो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक लोधमा निवासी रफीक खान भी घायल हुआ है जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### इलाज के लिए अस्पताल गयी आदिवासी युवती से छेड़खानी का मामला गरमाया

# अस्मत से खेलने वाले डॉक्टर को क्षेत्र में नहीं रहने देंगे : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचे विधायक कोचे मुंडा।

**खूंटी।** इलाज के बहाने तोरपा रेफरल अस्पताल के डॉक्टर मुकेश कनौजिया द्वारा एक आदिवासी युवती के साथ की गई छेड़खानी और अभद्र व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लोगों में डॉक्टर के प्रति काफी आक्रोश है। लोग आरोपित डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा विधायक कोचे मुंडा गुरुवार को रेफरल अस्पताल पहुचें। उन्होंने अस्पताल कर्मियों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी को फोन कर आरोपित डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि डॉक्टर कनौजियां ने पेशे को कंलकित किया है। ऐसी नीच हरकत करने वाले डॉक्टर को अपने क्षेत्र में रहने नहीं देंगे। वे मामले की शिकायत स्वास्थ्य सचिव से भी करेंगें। इस तरह की घटना को बर्दास्त नहीं किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत : सुदीप

उधर, झामुमो ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। पार्टी के केंद्रीय समिति के सदस्य सुदीप गुडिया ने कहा कि इलाज कराने अस्पताल पहुंची आदिवासी युवती से छेड़छाड़ की घटना काफी गंभीर मामला है। डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। यदि डॉक्टर ही इस तरह की घिनौनी हरकत करने लगे, तो लोगों का भरोसा उठ जायेगा। उन्होंने कहा इस मामले में चुप नहीं रहेंगे और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से इसकी शिकायत की जायेगी। डॉक्टर को बर्खास्त की मांग करेंगें।

## स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की कर्रवाई

वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। सिविल सर्जन द्वारा गठित जांच टीम ने गुरुवार को पीड़िता को अस्पताल बुलाकर पूछताछ की। पीडिता ने बताया कि जांच के बहाने डॉक्टर ने उसके साथ छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार किया है। डॉक्टर मुकेश गलत नीयत से पूरे कपड़े उतरवाना चाह रहे थे। शाम में अकेले डॉक्टर के कमरा में आने के लिए कह रहा था। पीडिता ने आरोपित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीडिता ने जांच टीम से लिखित शिकायत की। हालांकि उसने एफआईआर दर्ज नहीं कराने की बात कही। उसका कहना था कि उसके पति दूसरे राज्य में काम करते हैं। घर में अकेली रहती है। ऐसे में अदालत जाने में असमर्थ है। वह चाहती है डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो। इसके लिए चिकित्सा प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया है।

# 57 लाख की लागत से निर्मित होनेवाले एकल चेकडैम का विधायक ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** कराम्बू गांव में 57 लाख रुपये की लागत से सोकर नाला पर निर्मित होने वाले एकल चेक डैम का शिलान्यास गुरुवार को विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। विधायक ने कहा कि चेक डैम बन जाने से यहां के ग्रामीणों को कृषि कार्य में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान जीवन सिंह मुंडा, केसर सिंह मुंडा, सोमरा मुंडा, कालेश्वर मुंडा, ललित चंद्र पांडेय, कमलेश महतो, मनमोहन सिंह मुंडा, आचू सिंह मुंडा और भोलानाथ प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## झामुमो ने फटका पंचायत में निकाला न्याय मार्च





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो तोरपा प्रखंड समिति के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सुदूरवर्ती फटका पंचायत में न्याय मार्च निकाला। झामुमो कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुडिया ने कहा कि भाजपा के इशारे पर पूर्व सीएम को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया है। पर झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता हेमंत सोरेन के साथ है। न्याय मिलने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुमन बोदरा ने कहा कि भाजपा के षडयंत्र को सफल होने नही देंगे। मौके पर प्रदीप केसरी, अमित स्वांसी, अरफा गुडिया, शिशिर गुडिया, जोन गुडिया, सोमा बोदरा आदि उपस्थित थे।

## राजधर साइडिंग के रैयतों ने पिपरवार प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में गुरुवार को समारोह आयोजित किया, जिसमें कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के बाद आगे की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की जानकारी दी। प्राचार्य गणेश महतो और प्रबंध समिति के सचिव सह सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो ने छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रचार्या ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढाना है।

## विखायक व पूर्व सांसद ने किया दवाखाना का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** धुर्वा मोड़ बुंडू स्थित मेडिपल्स नामक दवाखाना का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बलमुचू एवं विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रोशन महतो ने कहा की उक्त दवाखाना में रांची-बरियातू स्थित सिनरजी गोलोबल अस्पताल के डॉक्टर बैठेंगे जिससे समझौता किया गया है। मौके पर गुड्डू महतो, विमल कोईरी, सतनारायण भगत, नीतीश पांडे, हर्ष जायसवाल, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, प्रदीप उर्फ रोशन महतो, गादी महतो आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर अब 16 मार्च को पुन: बंदी करने का आह्वान

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती ग्राम पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों द्वारा स्थगित की गई बंदी को 16 मार्च से पुनः शुरू करने का आह्वान किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में की गई बंदी में सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता की गई थी, जिसमें 15 मार्च तक समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक प्रबंधन ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की है। प्रबंधन के आश्वासन के बावजूद विस्थापित ग्रामीण कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। गुरुवार को दर्जनों विस्थापित ग्रामीण पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में जानकारी ली, लेकिन किसी प्रकार की जानकारी नहीं नहीं दी गई। इस पर ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया और विस्थापित ग्रामीणों ने स्थगित किए गए बंदी को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर विस्थापित ग्रामीणों में दुलारचंद मुंडा, रोहन गंझु, दिलीप कुमार, सगीर अहमद, सागर गंझु, रवि कुमार, दीपक भुइयां, संजय भुइयां, विक्रम कुमार भुइयां, कामेश्वर गंझू, सविता देवी, मकसूद, रवींद्र कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, संजय महतो, सुधीर साव, देवंती देवी और भद्रेश्वर गंझु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के मंडेर में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के मंडेर गांव में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया महेश मुंडा ने किया। समारोह की अध्यक्षता मुखिया महेश मुंडा एवं संचालन सिस्टर रीता बारला ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुखिया ललिता देवी, सिस्टर विक्टोरिया कुजूर, सिस्टर रीता बारला, वार्ड सदस्य निर्मला कुमारी, राजकुमार उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था के कई लोग आदि शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मे उपस्थित महिलाओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। अपने संबोधन में मुखिया महेश मुंडा ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के स्वावलंबन को लेकर विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ महिलाएं उठा रही है। स्वयंसेवी संस्था की सिस्टर रीता बरला ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। मौके पर तारा उरांव, निर्मल उरांव, दानियल मिंज, ज्ञानी गंझु, तिलक गंझु, विजय गंझु, नागेश्वर उरांव, बहादुर उरांव, किशुन उरांव, जयनाथ भगत, रामकुमार उरांव, बालेश्वर उरांव, जोधन महतो आदि थे।

## प्रशिक्षण के लिए जागरूक करेगा कौशल रथ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रखंड परिसर से गुरुवार को जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रखंड के मनरेगा बीपीओ विनय कुमार, मुखिया शिवरत मुंडा, प्रधान लिपिक अलिमा कुमारी ने जागरूकता वाहन को झंडी दिखाया। बताया गया कि यह कौशल रथ प्रखंड में घूम-घूमकर युवाओं को योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएगा। युवाओं और बेरोजगारों के बेहतर भविष्य और रोजगार प्रदान करने के लिए नि:शुल्क रोजगार परक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। क्षेत्र के युवा वेल्डिंग, नर्सिंग, सीविंग मशीन ऑपरेटर, नर्स असिस्टेंट, सहायक इलेक्ट्रिशिन, सिलाई आदि का प्रशिक्षण लेकर अपना भविष्य बना सकते है। इस योजना का लाभ 18 से 35 साल के बीच के सभी युवा उठा सकते है। 5वीं पास या अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले युवा भी इससे जुड़कर अपना भविष्य सुनहरा बना सकते हैं। मौके पर जेआरपी खलारी रेणु देवी, अजीत कुमार, सीसी सरस्वती खेस, कलावती देवी, अंजना लकडा, रेखा देवी मौजूद थीं।

## घर-घर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ एवं नगर पंचायत क्षेत्र के कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस अभियान के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों व बूथों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को भी विशेष रूप से जागरूक कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला में लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

# हेराफेरी कर बेच दी जमीन, करोड़ों रुपये लेकर भू माफिया हुआ फरार

-: गड़बड़झाला :-

वन भूमि का भी कर लिया अतिक्रमण, जांच शुरू

नसीम अहमद





**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भू माफियाओं द्वारा हेसल मौजा में हेराफेरी कर वनभूमि की खरीद-फरोख्त करने और रास्ता देने के नाम पर वन भूमि का अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि हेसल मौजा के खाता नंबर 305 (सरकारी रिकॉर्ड में पूरी तरह वनभूमि ) दर्ज है। जिस पर भू माफियाओं द्वारा इस खाता के प्लॉट नंबर 1249 सहित अन्य प्लॉट के कुल रकबा करीब 12 एकड़ जमीन को विगत वर्षों में अवैध ढंग से हेराफेरी कर अवैध तरीके से रास्ता निकाला गया। बाद में प्लॉटिंग कर कई लोगों को बेच दिया गया। जिसकी घेराबंदी कर गेट तक लगा दिया गया है। वहीं, इस प्लॉट में क्रेताओं को रास्ता देने के नाम पर वनभूमि का अतिक्रमण कर हेसल कब्रिस्तान के बगल से कच्चा रास्ता भी बना दिया गया है। बताया जा रहा कि सरकारी जमीन के अवैध खरीद-बिक्री के इस खेल का मास्टर माईंड राजीव रंजन नामक व्यक्ति है। आधार नंबर के अनुसार राजीव रंजन मूल रूप से बिहार के पटना जिले के मिर्जापुर नोहटा फतुवां का रहने वाला है। पर मतदाता पहचान पत्र में पता रांची के टाटीसिलवे स्थित आदर्श नगर अंकित है। राजीव रंजन ने जालसाजी और हेराफेरी कर इस जमीन के एग्रीमेंट होल्डर से करीब एक करोड़ रुपये का चूना लगाकर यहां से फरार हो गया है। इससे पहले भी राजीव रंजन फर्जीवाड़ा कर कई लोगों को अपनी जाल में फंसा कर लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। ठगी के शिकार लोग राजीव रंजन को काफी दिनों से तलाश कर रहे हैं पर उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।

### क्या है खाता संख्या 305

दरअसल, अनगड़ा अंचल के हेसल मौजा में स्थित खाता संख्या 305, रकबा करीब 6.5 एकड़, सरकारी रिकॉर्ड में पूरी तरह वन भूमि के नाम से दर्ज है। जिसकी खरीद-बिक्री और किसी तरह के निर्माण कार्य पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इसके बावजूद भू माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे और धड़ल्ले से इस जमीन की खरीद-बिक्री का खेल खेल रहे हैं। बताया गया कि 305 खाता की जमीन कई स्थानीय ग्रामीणों के नाम पर बंदोवस्त है वहीं खरीद-ब्रिकी और दावेदारी को लेकर कई मामले न्यायालय में भी विचाराधीन हैं। दूसरी ओर, इस बाबत सीआइ रमेश रविदास से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हेसल मौजा का खाता संख्या 305 सरकारी रिकॉर्ड में वनभूमि दर्ज है। मामला संज्ञान में आने के बाद इसकी जांच कर अवैध खरीद-बिक्री करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वन क्षेत्र पदाधिकारी महिलौंग राजेश कुमार से इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। वनभूमि का अतिक्रमण कर इसमें रास्ता बनाए जाने को लेकर पूर्व में वन विभाग द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

## विदाई पर बीडीओ ने कहा : छोटे से कार्यकाल की लिये जा रहा बेशुमार यादें



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर बीडीओ संग्राम मुर्मू को विदाई दी गई। मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस असर पर बीडीओ ने कहा कि बेड़ो प्रखंड में मुझे बहुत कम समय के लिए लोगों के साथ रहने का मौका मिला, लेकिन इस छोटे से कार्यकाल की बहुत सारी यादें आज समेट के लिए जा रहा हूं। प्रखंड में गुजरा यह छोटे से कार्यकाल को मैंने सेवा भाव में गुजारा है। हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्तियों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही मेरा प्राथमिकता रही है। इस अल्प अवधि में मेरे द्वारा किये गये कार्य और मेरी कार्यशैली उन्हीं बातों का प्रमाण है। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी बीडीओ के कार्यकाल की सराहना की। मौके पर नीरज कुजूर, प्रधान लिपिक फारुक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, कनिय अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, सहायक अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, दुर्गा ताना भगत, सुशांति भगत,जातरू उरांव, जय किशोर, असादुल्लाह, राजेश नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय का घेराव कल



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विभिन्न मुद्दों को लेकर आदिवासी-मूलवासी संघर्ष समिति 9 मार्च को प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए सभी आदिवासी मूलवासियों को एकजुट होना होगा। आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाने, भू संबंधी ऑनलाइन त्रुटि सुधार कराने, राशन कार्ड में ऑनलाइन नाम इंट्री कराने आदि कार्यों में काफी विलंब किया जाता है। वहीं अबुआ आवास योजना में ग्राम सभा की भूमिका को गौण किए जानें, राजस्व कर्मचारियों को पंचायत भवन में उपस्थिति सुनिश्चित कराने, मनरेगा मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना एवं गेतलसूद बांध परियोजना से विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा एवं नौकरी सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर 9 को प्रखंड मुख्यालय का घेराव-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

## ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने निकाली शोभायात्रा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा ब्रह्माकुमारीज पाठशाला गुलजारबाग की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर झांकी के साथ भव्य आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई। जो गुलजारबाग से शुरू होकर खलारी बैंक चौक, शहीद चौक, हिन्दूगढ़ी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए लंबा धौड़ा तक गई। वहां से वापस गुलजारबाग लौटी। बाबा भोलेनाथ के स्वरूप शिवलिंग को बादाम से आकर्षक रूप से सजाया गया था। एक झांकी में बच्चियां लक्ष्मी-नारायण व राधे-कृष्ण का रूप लिए विराजमान थी। शोभा यात्रा के क्रम में ही जगह जगह नुक्कड़ नाटिका मंचन कर विभिन्न तरह के नशा का दुष्परिणाम दिखाकर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को नशे की लत छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। ब्रह्माकुमरीज की क्षेत्रीय संचालिका ब्रकु शांति बहन ने बताया कि किस प्रकार नशा से छुटकारा पाने में राजयोग मेडिटेशन सहायक होता है। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा खलारी मंडल मीडिया प्रभारी रवीन्द्र पासवान, खलारी की पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. शांति बहन, आरती बहन, ज्योति बहन सहित काफी संख्या में भाई-बहन शामिल हुए।

## वन अधिकार अधिनियम 2006 की धाराएं और नियमावली की दी गयी जानकारियां

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समेकित जनजातीय विकास अभिकरण के सौजन्य से डीआरडीए के सभागार में गुरुवार को वन अधिकार अधिनियम के तहत संचालित अबुआ बीर दिशुम अभियान से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में जिले के अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं वनकर्मियों ने भाग लिया। परियोजना निदेशक आइटीडीए ने कार्यशाला के उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम नया नहीं है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 की चर्चा करते हुए कहा कि यह कानून पूरे देश में हर तरह की वन भूमि पर लागू होता है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्रामसभा सबसे क्षमतापूर्ण है, जो वन अधिकार समिति का गठन कर वन अधिकार समिति द्वारा सत्यापित दावों का अनुमोदन करती है।

## सौगात : बेड़ो में तीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

# ग्रामीणों को मिलेगी चिकित्सा की बेहतर सुविधाएं : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करती मांडल विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

**बेड़ो।** प्रखंड के पहाड़ कंडरिया, ईंटा चिल्द्री व लमकाना गांव में आयुष्मान भारत के स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के निर्माण कार्य का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को शिलापट्ट का अनावरण करते हुए शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण होने से ग्रामीणों को चिकित्सा की बेहतर सुविधाएं अब गांव में ही मिलेगी। इस स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से शिशुओं व महिलाओं के टीकाकरण के साथ ही गांव में ही इलाज की सुविधा मिलेगी। कहा कि पंचायत के हर गांव में हर सुविधा बहाल हो। ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं का हर संभव लाभ मिले। इसके लिए वे सदैव प्रयासरत हैं। स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन बनने से ग्रामीणों को चिकित्सा उपचार के लिए सब दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विभाग के पदाधिकारी व संवेदक से कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करें। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उपप्रमुख मोदस्सिर हक, करमा उरांव, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, जमशेद हुसैन, मो फहीम, नब्लू, दिलीप सिंह, अरुण सिंह, तरुण सिंह, सिल्वेस्टर कच्छप आदि मौजूद थे।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में फार्मा अन्वेषण 2024 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में एमएल श्रॉफ की जयंती और फार्मेसी शिक्षा दिवस पर आईक्यूएसी के सहयोग से वाईबीएनयू स्कूल ऑफ फार्मेसी की ओर से फार्मा अन्वेषण 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीन स्कूल ऑफ फामेर्सी सह आईक्यूएसी के निदेशक डॉ आशीष सरकार ने समन्वयवाद का लाभ उठाने, अकादमिक भागीदारी के बारे में बताया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र सिंह, कार्यकारी परिषद सदस्य, फॉमेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली और हरीश चंद्र पाणिग्रही मानव संसाधन प्रबंधक कैरीश इनोटेक प्राइवेट लिमिटेड दमन मौजूद थे। इनके अलावा रांची जेएसपीसी के अध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह और रजिस्ट्रार कौशलेंद्र कुमार भी शामिल हुए। जबकि ऑफलाइन मोड में डॉ नितेश कुमार पारस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के यूनिट प्रमुख, पारस हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड रांची, अनिल प्रसाद सिंह, अध्यक्ष जेएसपीसी रांची, कौशलेंद्र कुमार रजिस्ट्रार जेएसपीसी, हरीश चंद्र पाणिग्रही मानव संसाधन प्रबंधक कैरीश इनोटेक प्राइवेट लिमिटेड दमन, धर्मेंद्र कुमार दंडसेना क्यूए मैनेजर अरबिंदो फार्मा हैदराबाद, प्रियब्रत भोई सहायक प्रबंधक (उत्पादन) उमेडिका प्रयोगशाला मुंबई, गजेंद्र कुमार सेठी प्रोडक्शन हेड सन फार्मा चंडीगढ़, स्वाधीन महापात्रो पैकिंग मैनेजर मेडोफार्मा चेन्नई ने अपने बहुमूल्य व्याख्या और अनुभवो को साझा किया। मंच संचालन सृष्टि डोरा और गीता दास जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ आफरीन आलम ने किया।

## जिला प्रमुख और उपप्रमुख संघ ने की डीडीसी से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला प्रमुख और उपप्रमुख संघ ने नये डीडीसी श्याम नारायण राम से गुरुवार को शिष्टाचार मुलाकात की। प्रखंड प्रमुख संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार साबू ने उप विकास आयुक्त को अपने जिले के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मौके पर संघ की उपाध्यक्ष नेली डहंगा ने जिले में मिल रहे अबुआ आवास के वितरण में हो रही गड़बड़ी पर चिंता जाहिर की। सचिव संतोष कुमार कर ने कहा कि विकास कार्यों में जिले के पंचायत प्रतिनिधि विकास कार्यों में हमेशा पशासन का सहयो करेंगे। वहीं., डीडीसी ने कहा कि जहां भी हमारी आवश्यकता होगी, हम स्वयं पहुंचेंगे और निश्चित तौर अबुआ आवास और विकास कार्यों के संबंध में जो भी जानकारी मिलेगी, प्रत्येक प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख तक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जनप्रतिनिधि को भी दी जायेगी। कुछ योजनाओं की सूक्ष्म जानकारी लेने के लिए मैं खुद भी प्रखंड में निरीक्षण के लिए आऊंगा। अरुण कुमार साबू ने कहा कि चल रही विकास योजनाओं को गति मिले, इसका प्रयास होना चाहिए और गड़बड़ियों का निराकरण किया जाना चाहिए।

## लापुंग के डाडी पंचायत भवन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाएं पुरुषों के बराबर ही नहीं, उनसे कहीं आगे हैं: शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल मांडर विधायक।

**लापुंग।** प्रखंड के डाडी पंचायत भवन में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं। जहां उनका महिला समूह की सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छा देकर अभिवादन किया गया। इस दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को भी आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में महिलाओं के विकास एवं प्रगति से संबंधित जानकारी दी। महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने संबंधी बातें कहीं। कहा कि महिलाएं वर्तमान में पुरुषों के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं पूरे समाज का भला करती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जिसमें सबसे बड़ी लिंगानुपात है। इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है। विधायक ने झारखंड सरकार की ओर से महिलाओं को दी जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया और उन योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंद्र वर्मा, जन्मजय पाठक आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महाशिवरात्रि पर महादानी मंदिर व मुड़हर पहाड़ पर की जायेगी भगवान भोलेनाथ की आराधना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर व खुखरागढ़ स्थित मुड़हर बाबा पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में होने वाले महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। महादानी सत्संग समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गाजे-बाजे के साथ गुमला रोड से शिव बारात निकाली जाएगी। शुक्रवार को हरिहरपुर जामटोली स्थित देवी मंडप परिसर से भव्य शिव बारात निकालने का निर्णय लिया गया, जो सीधे गुमला रोड बेड़ो पहुंचेगी। वहीं महादानी मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व भोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शिव बारात में शिव व पार्वती के संग भुत पिशाचों की टोली नगर भ्रमण कर महादानी मंदिर पहुंचेगी। इधर, कार्यक्रम को सफल बनाने में हरखनाथ महतो, मेघनाथ गिरी, जगदीश प्रसाद, अशोक पंडा, सुरेंद्र सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, मुकेश राय, साधन राय, मुकेश गोप, चरवा उरांव, महावीर गोप, पितांबर गोप, धनंजय महतो, दुर्गा महतो, दयाल गोप, संजय प्रमाणिक, श्यामल गोप व मिथिला देवी आदि जुटे हैं। उधर, बेडो प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरागढ़ के मुड़हर बाबा पहाड़ पर स्थित शिवमंदिर में होने वाले महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां भी पूरी हो गयी हैं। पहाड़ के तुंग शिखर पर स्थित मुड़हर बाबा के शिवलिंग पर महाशिवरात्रि पर्व पर के दौरान दूर दराज के श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

### जंगली हाथियों का उपद्रव जारी, रौंदी किसानों की फसल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत कोकड़े गांव में बुधवार की रात 8.30 बजे दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। गांव के किसान दीपक मुंडा के आलू व मटर कीफसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के प्रवेश से गांव के लोग डरे हुए हैं। शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। उधर, भुक्तभोगी किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे के साथ ही हाथी को जंगल में भगाने की मांग की गई है।

### बीडीओ संग्राम मुर्मू को दिव्यांगों ने दी विदाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ संग्राम मुर्मू को झारखंड विकलांग संघर्ष समिति की ओर से भावभीनी विदाई की गई। इस मौके पर जेडी जेम एवं झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के अध्यक्ष लालू उरांव, सचिव अशोक महतो शाह, कोषाध्यक्ष ललिता मिंज और मुखिया कुंवारी खलखो आदि मौजूद थे।

### लापुंग में कुएं से सड़ा-गला शव बरामद

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के गुजरू टोली स्थित एक कुएं से गुरुवार को एक व्यक्ति का सड़ गया शव बरामद हुआ। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की मानें तो कुएं से बरामद शव विगत आठ दिन पुरानी है। कुएं में शव तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर पाकर लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव दलबल से साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टण के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।

### खाद्य अनुज्ञप्ति सह जागरूकता शिविर में 25 खाद्य कारोबारियों को दिया गया फूड लाइसेंस

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एसीएमओ एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की ओर से खूंटी जिला मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय खाद्य अनुज्ञप्ति निबंधन सह जागरूकता शिविर में 25 खाद्य कारोबारियों को फूड लाइसेंस दिया गया। इस दौरान सीएमओ द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें और ढ़क्कन युक्त कूड़ेदान का प्रयोग करें। सभी खाद्य कारोबारी होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानदार कोल्ड ड्रिंक व अन्य पेस्ट खाद्य पदार्थ पर पैकिंग तिथि, बेस्ट बिफोर तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन युक्त सामान का ही प्रयोग करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद्य पदार्थों की वैधता तिथि का भी विशेष ध्यान रखेंगे एवं अवधि समाप्त होने पर खाद्य सामग्रियों की बिक्री नहीं करेंगे। स्ट्रीट फूड वेंडर पर बिक्री करने वाले खाद्य सामग्रियों को मार्किन कपड़े व जाली से खाद्य पदार्थों को ढ़क कर रखने, अखबार के कागज का प्रयोग नहीं करने, हमेशा सादे पेपर का ही प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। फल विक्रेताओं को फल पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड नामक रासायनिक का प्रयोग ना करने की हिदायत देते हुए कहा कि इस रसायनिक पदार्थ के इस्तेमाल से कैंसर एवं विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियां होने की संभावना रहती है। इसलिए फलों को पकाने के लिए एथिलीन, गैस रापेनिंग चैंबर का ही प्रयोग करें। होटल एवं रेस्टोरेंट में उपयोग होने वाले बर्तनोंए फ्रिजए पानी टंकी की सफाई नियमित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मिठाइयों में मिलावट नहीं करने और रासायनिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि त्यौहार में विभिन्न प्रकारों की मिठाइयां बनाने के दौरान शुद्धता एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए। दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि निरीक्षण के दौरान मिठाई का नमूना लिया जायेगा।

**विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग**

**स्नातक प्रशिक्षु चयन सूचना**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग परिसर एवं इसके अंतर्गत आने वाले अंगीभूत, मॉडल एवं महिला महाविद्यालयों में बारह हजार रूपये प्रति माह की वृत्ति (Stipend) पर कुल 111 स्नातक प्रशिक्षुओं का एक वर्ष की अवधि के लिए चयन किया जाना है। वैसे अभ्यर्थी जो झारखण्ड राज्य के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से वर्ष 2019 से 2023 के बीच स्नातक की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है, वे नीचे दिए गये गूगल लिंक / QR Code के द्वारा दिनांक 09 से 18 मार्च, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www-vbu-ac-in) पर उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थी को एक वर्ष के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के पश्चात् प्रवीणता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

Google form link: https://forms.gle/CHQLzQzFHxW5MjQ9A

ज्ञापांक : VBU/CP/12/R/681/2024
दिनांक : 07.03.2024

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
कुलसचिव

# सतर्क रहे भारत

चीन अपने रक्षा बजट में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रहा है। साल 2024-25 के लिए मंगलवार को पेश किये गये बजट में इसकी घोषणा की गयी है। हालांकि हाल के वर्षों का ट्रेंड देखें तो यह कोई नयी बात नहीं है, लेकिन कई बातें हैं, जो इस फैसले की ओर खास तौर पर ध्यान खींच रही हैं। रक्षा बजट में की गयी यह बढ़ोतरी भी कम नहीं कही जायेगी, लेकिन एक्सपर्ट्स के बीच इस बात पर लगभग आम राय है कि चीन सरकार रक्षा मद में जितना खर्च बता रही है, वास्तविक खर्च उससे कहीं ज्यादा होगा। कारण यह है कि रक्षा से जुड़े बहुत सारे खर्च वहां अन्य मदों में दिखाये जाते रहे हैं। चीन सरकार ने रक्षा खर्च में बढ़ोतरी का यह फैसला आर्थिक मुश्किलों के बावजूद किया है। चीनी इकॉनमी कई तरह की चुनौतियों से घिरी है। आर्थिक विकास की उसकी रफ्तार कम हो गयी है। इस साल के लिए सरकार ने सिर्फ 5 फीसदी विकास दर का लक्ष्य रखा है, जो उसके मानक के हिसाब से कम है। इसके बावजूद की गयी रक्षा बजट में बढ़ोतरी उसकी प्राथमिकता स्पष्ट करती है। चीन के इस फैसले को उसके रुख में आई आक्रामकता के संदर्भ में समझा जा सकता है। इसकी ताजा मिसाल है चीन सरकार की ओर से जारी वह रिपोर्ट जिसमें ताइवान के संदर्भ में शांतिपूर्ण एकीकरण का पारंपरिक वाक्यांश हटा दिया गया है। चीन की सरकार सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को अमेरिका और जापान जैसे देशों के सैन्य खर्च में बढ़ोतरी का संदर्भ देकर सही ठहराती है। चीन की सैन्य गतिविधियां भारत के लिए भी सीधी चुनौती खड़ी करती हैं। लद्दाख से लगती सीमा पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प को चार साल होने को हैं। लेकिन सीमा पर सैन्य मौजूदगी कम करने के हालात नहीं बन रहे। लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल से लगती सीमा पर उसके 50 से 60 हजार सैनिक और सिक्किम व अरुणाचल से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 90,000 सैनिक अभी भी तैनात हैं। इसके अलावा वह भारत की घेरेबंदी के प्रयास भी लगातार करता रहता है। पाकिस्तान को भारी सैन्य सहायता देकर भारत की दोनों तरफ की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर दबाव बनाये रखना उसकी नीति का स्थायी हिस्सा बनता जा रहा है। भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी उसकी यही घोषित-अघोषित नीति है। ताजा मिसाल मालदीव के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनरशिप बनाने की उसकी घोषणा की दी जा सकती है। ध्यान रहे, मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में आयी हालिया खटास को प्रेक्षक चीन से जोड़ कर देखते रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी देश अपने बजट का कितना हिस्सा किस मद में खर्च करेगा, यह उसका अपना मामला होता है। लेकिन मौजूदा संदर्भों में भारत अपने पड़ोसी देश के इस फैसले के निहितार्थों को अनदेखा नहीं कर सकता।

**सीमा पर सैन्य मौजूदगी कम करने के हालात नहीं बन रहे। लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल से लगती सीमा पर उसके 50 से 60 हजार सैनिक और सिक्किम व अरुणाचल से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 90,000 सैनिक अभी भी तैनात हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है।**

# समानता की अर्थव्यवस्था के प्रति मार्ग प्रशस्त कर रही हैं महिलाएं



**धुवाराखा श्रीराम**

पिछले दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफपीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से युवतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आये बदलावों को दर्शाती डब्ल्यूएलएफपी की वृद्धि संभवतः पिछली सदी में देखी गयी वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

**महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक :** भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉर्पोरेट नीतियों के साथ मिल कर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दर्शाते हैं।

**कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से युवतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है।**



आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़ कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गयी। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉर्पोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस्टम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलइ) के परामर्श की प्रेरणादायी भूमिका :** डब्ल्यूएलएफपीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलइ के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चर्चाओं से प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष को 'महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना' शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। यह कामकाज के अनुकूल वातावरण, समान वेतन प्रथाओं और कार्यबल में विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करता है।

**बाधाएं दूर करना :** काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है।

निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न्यूट्रल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन्म देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुनःप्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किये गये संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक्त महिला कामकाजी केंद्रों/छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। इसमें सुरक्षा, संरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखरेख के प्रावधानों युक्त विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण, परिवर्तन और विकल्पों के प्रतिनिधि के रूप में युवतियों को विकसित करना और उनके निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल होगा। सिविल सोसायटी और बहुपक्षीय एजेंसियों की सहायता समुदायों और परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाने को बढ़ावा देगी, ताकि वे इन केंद्रों को युवतियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का स्थान मान सकें।

कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है, तथा ज्यादातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूप में बदल गयी हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए।

ये घटनाक्रम महिलाओं के व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

**महिलाएं शतक लगायेंगी :** भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है।

आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामर्थ्य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है।

इन सिफारिशों को अपनाकर और डब्ल्यूएलएफपीआर को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध होकर भारत समावेशी सामाजिक एवं आर्थिक समानता और अपने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रास्ता निर्धारित कर सकता है। India@100 के लिए आर्थिक विकास का नेतृत्व करने वाले 'नायक' वास्तव में सक्षम नारियां हैं।

**(लेखिका : यूनिसेफ इंडिया में युवाह की प्रमुख हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने टेकएक्स 2024 में कंक्रीट कोर कटिंग में नवाचार का किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने एसएनटीआई में आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई। टाटा स्टील यूआईएसएल क्वालिटी सर्कल टीम ने संरचनात्मक स्वास्थ्य मूल्यांकन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित किया। उन्होंने संरचनात्मक स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए कोर नमूनों की क्षति को कम करने के लिए कंक्रीट कोर काटने की मशीन में सुधार शीर्षक से अपनी परियोजना का अनावरण किया। प्रारुप टीम ने समाधान की आवश्यकता की पहचान करते हुए गहन अध्ययन और विश्लेषण किया। वही काटने की प्रक्रिया के दौरान पानी की असंतत आपूर्ति का पता लगाया गया। चुनौती से निपटने के लिए टीम ने कोर कटिंग सेटअप में एक अभिनव स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली पेश की। यह प्रक्रिया पानी की निरंतर और समान आपूर्ति सुनिश्चित करती है। ताकि नमूनों में दरार की घटना काफी हद तक कम हो सके। वैसे प्रारुप टीम स्वास्थ्य मूल्यांकन में क्रांति लाने, कोर कटर के जीवनकाल को बढ़ाने, दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने का वादा करती है। साथ ही नवाचार और सुधार की दिशा में एक सराहनीय प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है। टाटा स्टील यूआईएसएल की भागीदारी ने उद्योग विशेषज्ञों के साथ नेटवर्क और अभिनव समाधान को प्रदर्शित एक मंच प्रदान करती है।

# पुलिस ने ड्रग पेडलर डोली परवीन को किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ ने टीम का गठन कर अवैध कारवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गुरुवार को आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात ड्रग पेडलर डोली परवीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है। मुस्लिम बस्ती के रहने वाले डोली प्रवीण पर एनडीपीएस और हत्या के मामले में वारंट था। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर वे भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति पर किसी तरह की कोताही नहीं बढ़ती जायेगी। जो भी व्यक्ति अवैध धंधा में सम्मिलित पाये जाते हैं। उनके साथ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी दल में आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, प्रियंका भारती, समा लकड़ा और सशस्त्र बल शामिल रहे।

## जनतंत्र मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन 10 को

# 35-40 विस सीटों पर चुनाव के लिए सक्षम है मोर्चा: धर्मेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में 10 मार्च को सिदगोड़ा टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से जिला के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें लोकसभा-विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका पर चर्चा होगी। केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन वर्तमान में अपनी क्षमता पर 35-40 विधानसभा की सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। लोकसभा का क्षेत्रफल काफी बड़ा होता है, इसलिए अभी इसमें कोई सहमति नहीं बनी है। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा। बताया कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सभी दलों का एक मात्र उद्देश्य जल, जंगल, जमीन को बर्बाद करना है। अभी तक जितनी भी सरकारों ने झारखंड पर राज किया, उसने झारखंड की प्राकृतिक संचरना को नष्ट करने का कार्य किया। सरकार और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड राज्य के सभी जिलों से आये भाजमो नेताओं को समागम होगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, महामंत्री सोमेन दत्ता, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो जंगल में नक्सलियों का कैंप ध्वस्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पश्चिम सिंहभूम ।** पश्चिम सिंहभूम पुलिस को लगातार नक्सल विरोधी अभियान में सफलता मिल रही है। इससे नक्सली भी अब बैकफुट में नजर आ रही है। ताजा मामले में पुलिस ने को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जिम्की इकीर और गुलगल्डा के आस - पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चलाकर एक नक्सली कैम्प ध्वस्त कर दिया है, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि यहां करीब 95 लोगों की ठहरने की व्यवस्था थी। नक्सली कैंप से 2 किलो का 9 आईईडी, कॉर्डटेक्स वायर-200 मीटर, बिजली का तार 600 मीटर, सिरिंज (आईईडी तैयार के लिए)-12, पिस्तौल की थैली-01, बैटरी (1.5 वी)-03, विभिन्न प्रकार के आवश्यक जीवनरक्षक दवाईया सहित भारी मात्रा अन्य समान बरामद किये गए हैं. पुलिस ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान और सर्च ऑपरेशन जारी है। बता दें की प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन जैसे खूंखार नक्सली नेताओं की तलाश में पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस कोल्हान और सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं, जिसमें चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखण्ड जगुआर, सीआरपीएफ की टीम शामिल हैं।

# सत्संग विहार टाटानगर काशीडीह का 27वां उद्बोधन स्मरण दिवस 10 मार्च को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्रजी के 136वें जन्मोत्सव सह सत्संग विहार टाटानगर काशीडीह का 27वां उद्बोधन स्मरण दिवस समारोह हर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी शुरू हो गयी है। गुरुवार को काशीडीह सत्संग विहार टाटानगर प्रांगण में इसकी जानकारी दी गई। मौके पर सहप्रति रित्विक भास्कर शरण ने बताया परमप्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 136 वां जन्म जन्मोत्सव व काशीडीह सत्संग विहार टाटानगर का शुभ 27वां उद्बोधन स्मरण दिवस 10 मार्च 2024 यानी रविवार को एग्रीको ट्रांस्पोर्ट मैदान में हजारों हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए परम पूज्यपाद श्रीश्री आचार्यदेव से गुरुभाईओं को आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने बताया 10 मार्च को होने वाले कोल्हान स्तरीय उत्सव के भव्य आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। ट्रांस्पोर्ट मैदान एग्रीको व काशीडीह श्रीमंदिर परिसर के सामनें मैदान में भव्य पंडाल निर्माधिन है। सत्संग विहार टाटानगर मंदिर व ट्रांस्पोर्ट मैदान में कोलकाता के कारीगर द्वारा फूल साज- सज्जा व बिजली मिस्त्री के द्वारा भव्य लाइटिंग लगाया जा रहा है। मौके पर लगभग 30 से 50 हजार तक गुरुभाईओं का जुटान होने की संभावना है। उन्होंने सभा मे शहर व आस पास के ज्यादा से ज्यादा की संख्या में गुरुभाईओ को उपस्थित होने के लिए अपील की। मौके पर सहप्रति रित्विक सर्वश्री गंगा प्रसाद सिंह ने कहा- परमप्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 136 वां जन्मोत्सव व काशीडीह सत्संग विहार टाटानगर का शुभ 27 वां उद्बोधन स्मरण दिवस में झारखंड के कई जिला सहित बंगाल व उड़ीसा से हजारों हजार की संख्या में रित्विक व गुरु भाई शामिल होंगे। 10 मार्च के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गुरुभाई जूट गए है। उन्होंने बताया रविवार को सुबह प्रभात फेरी व प्रार्थना के बाद एग्रीको मैदान में 11 बजे से धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा।सभा मे शामिल होने के लिए विधायक, मंत्री सहित अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रण किया गया है। 2 घंटे तक चलने वाली सभा मे श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के जीवनी पर वक्ताओं द्वारा अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखा जाएगा, साथ ही मानव जीवन में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के दीक्षा के बाद मिलने वाले कई अहम जनकारी साझा किया जाएगा। वही क्रार्यक्रम स्थल में भजन मंडली के द्वारा गीत प्रस्तुत की जाएगी। उसके बाद एक घंटा मातृ सम्मेलन में सैकड़ो गुरु मां शामिल होंगे। इस अवसर पर दिन भर मैदान में दूर दराज से आनें वाले गुरु भाइयो की भीड़ उपस्थित रहेंगी। एग्रीको क्लब हाउस के पीछे प्रसाद ग्रहण (आनंद बाजार) व पानी के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है।

## मंत्री ने किया 215 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# गढ़वा में विकास कार्यों का बना है रिकॉर्ड : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड को महाशिवरात्रि का महा तोहफा मिला है। महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पूर्व गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एक विभिन्न विभागों की 215 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एवं बनने वाली योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। गुरुवार को चिनियां प्रखंड के मसरा मोड़ के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें चिनिया प्रखंड के झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित ग्राम खुरी गाय घाट कनहर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन भी शामिल है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले ग्रामीणों व समाज सेवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान पथ निर्माण विभाग से एक अरब 73 लाख चार हजार रुपए की लागत से दो सड़कों का गढ़वा से चिनियां पथ तथा चिनियां, रनपुरा, खुथुआ मोड़ पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण व राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य, ग्रामीण कार्य विभाग एवं विशेष प्रमंडल से खुर्री, नक्सीली खुर्री, राजबांस गांव व बरवाडीह पंचायत के विभिन्न गावों में 10 स्थानों पर 10 करोड़ 33 लाख एक हजार 100 रुपए की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 54 लाख आठ हजार रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया गया। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 27 करोड़ नौ लाख 34 हजार रुपए की निर्मित योजना का उद्घाटन किया गया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड में मेगा शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम किया गया। आजादी के बाद से आज तक उपेक्षित चिनियां प्रखंड इन योजनाओं के पूर्ण हो जाने से पूरी तरह से सुविधा संपन्न प्रखंड बन जायेगा। छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली कनहर नदी पर पुल का भी आज उद्घाटन किया गया। यह गढ़वा जिले के लिए अतिमहत्वपूर्ण योजना है। इस पुल का उद्घाटन हो जाने से अब गढ़वा के लोगां को छत्तीसगढ़ आजा-जाना आसान हो जायेगा। इससे काफी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। रिकार्ड संख्या में सभी विभागां की योजनाओं से गढ़वा का विकास किया जा रहा है। सभी विभागां से ऐसी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचे। मौके पर मुख्य रूप से ओएसडी चंद्रचुड़ सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, रंका एसडीओ, एसडीपीओ, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे समेत कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मेन रोड पिपरीकला से जातपुरा तक सड़क शिलान्यास में गरजे विधायक

# 51 असहाय बहनों की शादी कराना हर किसी के बस की बात नहीं: भानु

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र 081 के क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने गुरूवार को पिपरी कला बाजार मुख्य सड़क से जतपुरा गांव तक लगभग 2 करोड़ की लागत से सड़क मरमत्ती कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक भानुप्रताप शाही ने कहा की इस विधानसभा क्षेत्र में अनेको विधायक बने लेकिन विशुनपुरा प्रखंड के लोगो को सिर्फ लूटने कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रखंड में भवन, थाना, पुल, रोड, हाई स्कूल, प्लस टू विद्यालय, हॉस्पिटल, बांकी नदी नहर परियोजना का पकीकरण का कार्य करा कर विकास में एक नयी गाथा गढ़ने का कार्य किया गया है।

पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव 51 असहाय बहनों की शादी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। लेकिन गरीब असहाय बहनों का शादी कराने का कार्य नही किया। गरीबो के घर को बसाना हर किसी के बस की बात नही है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। इस तरह के सामंतवादी विचार धारा को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियां गिनायी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यो से भारत ही नहीं पूरे विश्व में डंका बज रही है। नरेंद्र मोदी की फिर से केन्द्र में सरकार बनते ही सभी गरीब असहाय लोगो को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जायेगा।

इस मौके पर विधानसभा प्रभारी दयानंद भगत, अनूसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला कार्यसमिति सदस्य अनिल चौबे, मुकेश चौबे, राजा सिंह, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से एक परीक्षार्थी की मौत



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोंदा गांव में निमार्णाधीन एनएच 75 पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में परीक्षा देकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक का नाम गणेश कुमार यादव उम्र करीब 20 वर्ष पिता संजय यादव जो रमुना थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव का रहने वाला था। जबकि बाइक पर सवार उसी गांव का कमलेश कुमार गुप्ता पिता उमेश प्रसाद गुप्ता तथा शिवकुमार प्रजापति पिता सुरेश प्रजापति बगोंधा गांव का युवक हो गए जिनका इलाज मेराल सीएचसी में किया गया। घायल शिवकुमार तथा कमलेश ने बताया कि तीनों युवक गढ़वा सूरत पांडे डिग्री कॉलेज में बीए सेमेस्टर टू का परीक्षा देकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे की रमना की ओर तेज गति से आ रहा अज्ञात ट्रक ने चपेट में ले लिया।

## अहिरपुरवा में निकाली गयी कलश यात्रा



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत अहिरपुरवा ग्राम में शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष, श्रद्धालु, शिव घोष करते हुए शामिल हुए। कलश यात्रा अहिरपुरवा ग्राम से होते हुए झारीवा नदी, राजा पहाड़ी होते हुए पुनः गांव में आया और लोगों ने मंत्र उच्चारण के बीच कलश स्थापित किया। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता नित्यानंद चौबे अपनी पत्नी लक्ष्मी चौबे के साथ मौजूद रहे। मंदिर समिति का अध्यक्ष नित्यानंद चौबे ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग स्थापना होगा उसी दिन रुद्राभिषेक और रात्रि में 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी होगा 9 मार्च को हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें उन्होंने सभी श्रद्धालु शिव भक्तों से अपील किया कि वह प्रांत प्रतिष्ठा सह शिवलिंग स्थापना कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने एवं भगवान का चढ़ाया हुआ प्रसाद प्राप्त करें। मौके पर शेष नारायण तिवारी, उपेंद्र तिवारी, मधुबाला देवी, रवि शंकर तिवारी, गौरी शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

## राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित फामेर्सी कॉलेज में प्रोफेसर महादेव लाल सश्रॉफ की 122 की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह तथा प्राचार्य प्रोफेसर मनीष दुबे एवं डॉ सुनीता गुप्ता, डॉक्टर आरके मिश्रा, एसके ओझा आदि के द्वारा मां सरस्वती एवं बाबा अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया कुलाधिपति महोदय ने कार्यक्रम की सराहना की तथा विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपने विषय का अध्ययन गहरायी से करना चाहिए और हम विद्यार्थियों के उत्थान के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने पीपीटी के माध्यम से भारत में फामेर्सी शिक्षा के निर्माण में महान भूमिका निभाने वाले प्रोफेसर श्रॉफ के विचारों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यापकों में राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, शशि भूषण, आनंद गुप्ता तथा अन्य कर्मचारी में उर्मी गांगुली, विशाल, पियूष आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया` प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं विश्व की आधी आबादी का हिस्सा है। यह किसी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। समाज की प्रगति में जितना योगदान पुरुषों का है उतना महिलाओं का भी है। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2024 की थीम इंस्पायर इंक्लूजन रखा है जिसका अर्थ है एक ऐसी दुनिया जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले ।

### खबर का असर

# अवैध उत्खनन मामले में थाना प्रभारी और अंचल निरीक्षक ने की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफियाओं द्वारा अवैध उत्खनन कर बेचे जाने संबंधी खबर आजाद सिपाही अखबार के पिछले अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार व अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह ने मकरी के ढाढ़रा सदाबह नदी में संयुक्त रूप से छापेमारी किया। नदी से करीब एक हजार सीएफटी बालू जब्त कर स्थानीय को जिमा दिया। ढंढ़रा नदी सदाबह नदी है। यह नदी भवनाथपुर तथा खरौंधी प्रखंड के लोगों के लिए लाइफ लाइन मानीं जाती है। पिछले दो वर्षों से ढंढ़रा नदी के बालू पर माफियाओं की नजर लग गयी। प्रतिदिन माफिया मजदूरों से नदी का बालू छनवाते है। रात में ट्रैक्टर से बेचते हैं। गुरुवार को थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तथा अंचल निरीक्षक विभूति नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से छापेमारी किया। छापामारी में केतार थाना प्रभारी रौशन कूमार वर्णवाल, हरिहरपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, भवनाथपुर से एएसआई प्रदीप कुमार मौजूद थे। छापेमारी करने नदी में पुलिस के पहुंचते ही बालू खनन कर रहे मजदूर भाग खड़े हुए। नदी में दो सौ मीटर तक माफियाओं ने खनन कर बालू बेच दिया है। असनाबांध निवासी अजय सिंह को जब्त बालू को जिम्मा सौंपा गया।

## आरोपी के नाम पुलिस ने चिपकाया पोस्टर



**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालेखाड़ गांव निवासी उपेंद्र भुइयां पिता प्यारी भुइयां का माननीय न्यायालय गढ़वा के द्वारा जारी इस्तेहार को डंडई थाना पुलिस अधिकारी एस आई हरे कृष्णा प्रसाद के द्वारा डुगी ढोल नगाड़ा बजवाकर गांव के चौक चौराहों पर चिपकाया गया। यह जानकारी देते हुए एस आई हरे कृष्णा प्रसाद ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तेहार को आरोपी के गांव के चौक चौराहों पर चिपकाया गया। यदि कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# जिप अध्यक्ष ने आदेश का अनुपालन नहीं करने को लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** जिला परिषद सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद बोर्ड के बैठक में भवनाथपुर जिपस रंजनी शर्मा ने जिला प्रशासन के द्वारा सरकार के द्वारा जारी आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए जिले से संबंधित कई समस्याएं उठाई। जिसमें जिले के सभी विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं में शिलान्यास एवं उद्घघाटन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग झारखंड सरकार के द्वारा अनुपालन हेतु जारी पत्र का लगातार जिले के सभी विभागों द्वारा विपरीत कार्य किया जा रहा है।

सरकार द्वारा जारी आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिस पर नाराज जिला परिषद ने जिला परिषद बोर्ड में सभी विभाग से सवाल पूछी है कि सरकार की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन में किन-किन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए एवं शीलापट्ट पद पर किन-किन बिंदुओं को अंकित करना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जिला परिषद बोर्ड की बैठक में आवाज उठाने के बाद भी गढ़वा सीएस के द्वारा भवनाथपुर, श्री बंशीधर नगर, मझिआंव एवं गढ़वा सदर में उपलब्ध डिजिटल एक्सरे मशीन अभी तक चालू नहीं कराया गया है, जिसे यथाशीघ्र शुभारंभ कराने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की पदास्थापना एवं प्रतिनियुक्ति करने, जिले के सभी स्वास्थ्य उप केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग निगरानी के स्वास्थ्य समिति का पुनर्गठन करा कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कराने, जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम शहरी क्षेत्र में 14 वें वित्त से स्वास्थ्य कर्मी की चयनित कर जारी सूची के सभी स्वास्थ्य कर्मी को यथाशीघ्र पदास्थापना करने की आवाज बोर्ड की बैठक में प्रमुखता से उठायी है।

# लक्ष्य के अनुरूप करें पढ़ाई, मिलेगी सफलता : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा के सभागार में सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी तथा उपप्राचार्य बंसत ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित का माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने सम्बोधन में निदेशक ने कहा कि सबसे अच्छे स्कूल की पहचान अनुशासन है। अनुशासन से ही हम उज्वल भविष्य की कामना कर सकते हैं। शिक्षा और संस्कार हमारी परिभाषा है। हम बच्चों में जीवन शैली और संस्कृति के प्रति लगाव और सामाजिक, व्यावहारिकता का पाठ पढ़ाते है। उनमें समझ पैदा करने के प्रति निरंतर प्रयासरत होते हैं। इस उत्सव को सभी के लिए यादगार बनाने का प्रयास करेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि माता-पिता अपने बच्चों को अपने से वृद्ध दादा दादी, शिक्षक उनके साथी मित्रों और अपने आस-पास रहने वाले सभी लोगों का सम्मान करना सिखाएंगे तभी हम एक सकारात्मक समाज का निर्माण करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदयप्रकाश, मुकेश कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 08/RI/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-07.03.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/12/STPKG/02/2023-24 | (i) हीरोडीह फाटक से लाराबाद भाया कन्द्रपडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.900 कि0मी0)<br>(ii) T01 से बेहराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.350 कि0मी0)<br>(iii) कट्टाडीह आर0सी0डी0 रोड से महुआटांड़ भाया गोदखर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(iv) एन0एच0–31 जामूखांडी से ढाब हाई स्कूल भाया कोटवारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.700 कि0मी0)<br>(v) भोण्डो पी0डब्लयू0डी0 रोड से घुट्टीटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.200 कि0मी0)<br>(vi) कांटी से मूर्तिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(vii) चन्दवारा कुलदीप स्वर्णकार से घर से गौरी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0)<br>(viii) थाम पी0डब्लयू0डी0 रोड से थाम मंदिर भाया पुरनाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | 13,31,28,900/- | तेरह करोड़ एकतीस लाख अठाईस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 (पन्द्रह) माह | द्वितीय |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–11.03.2024
2.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–26.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.03.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 321835 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

जिले के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य बीज उत्पादक जिनको अनुदान पर विभाग से स्पॉन दिया गया है, उन्हें विभाग द्वारा मोबाईल रिचार्ज कराने हेतु मो0 500/– (पाँच सौ) रू0 मात्र देने का प्रावधान है।

अतएव अनुरोध है कि मोबाईल रिचार्ज कराकर उसका प्रमाणक/अभिश्रव तथा बैंक खाता एवं आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालय में दिनांक 14.03.2024 तक जमा करें ताकि डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि आपके खाते में भेजी जा सके। अन्यथा यह लाभ आपको नहीं मिलने पर इसके जिम्मेवार आप स्वयं होगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 321799 Fish(23-24)#D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................................ / दिनांक ............................ /

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 39/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 14.03.2024 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Emergent repair work in Genral Toilet & Laying of water supply pipe line and Drilling of One Number Deep Bore well near Night Guard Room in Civil Court Koderma | 8,51,508/– | 1250/– | 17500/– | 2 माह। |
| 2. | Construction of Water Tank in the Residence of PDJ Koderma | 3,47,114/– | 750/– | 7000/– | 45 दिन। |
| 3. | Construction of Legal Defence Council System at Civil Court Koderma. | 5,05,712/– | 1250/– | 10,500/– | 45 दिन। |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.321794 Building(23-24):D

## महाशिवरात्रि को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ की अगुवाई में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि त्योहार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। गुरुवार को हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो की अगुवाई में पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ शहर में फ़्लैग मार्च किया। जिसकी शुरूआत थाना परिसर से हुई। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए सभी मंदिरों और शिवालयों का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, बीडीओ रोशन कुमार ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाने की अपील की। मौके पर हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सीआरपी के इंस्पेक्टर संवर लाल, एसआई डीके प्रजापति, बीरेंद्र मेहता आदि शमिल थे।

## कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण पर जबरन रोक लगाने का आरोप, थाने में पहुंचा मामला

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पथरा गांव में कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य को जबरन बंद कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पथरा गांव निवासी बसरुद्दीन अंसारी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त कब्रिस्तान की भूमि पर हुसैनाबाद सीओ के आदेश पर सरकारी अमीन द्वारा सीमांकन के बाद कल्याण विभाग द्वारा निर्माण कार्य का आदेश मिला है, लेकिन गांव के ही बिनोद पासवान और सनद पासवान कार्य स्थल पर पहुंचकर जबरन कार्य को बंद करवा दिए हैं। कार्य कर रहे मजदूरों का कुदाल छीन कर उन्हें धमकी देकर भगा दिया गया।उन्होंने उक्त स्थल का जांच कर कानूनी कारवाई की मांग की है।इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की लिखित आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

## आशुतोष धाम में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाला। देवरी स्थित सोननदी से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की प्रक्रिया पूरी की गई। पंडित शंभु पाठक के नेतृत्व में भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं समस्त धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन व उनकी पत्नी थी। पंडित शंभु पाठक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। मौके पर समाजसेवी राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, संजय सिंह, बिजय कुमार, कुंदन कुमार व राकेश कुमार आदि थे।












# बिश्रामपुर में नर्तकी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले का झालसा ने लिया संज्ञान

**10वीं की पीड़िता छात्रा पेट पालने के लिए आर्केस्ट्रा में करती थी डांसर का काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के बिश्रामपुर में नर्तकी के साथ विगत दिनों हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में झालसा ने संज्ञान लिया है। साथ ही पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार को इस मामले में पीड़िता को हर संभव सरकारी मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता से मिलकर जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़िता को शिफ्ट कराया। इसके साथ ही पीड़िता की देखरेख के लिए एक महिला कर्मी को लगाया गया है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक को सूचित किया गया है कि उसकी उचित सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। पीड़िता को आरोपी से भय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को तत्काल सहायता के रूप में कपड़ा, चप्पल, सैंडल, मच्छरदानी बेडशीट, राशन समेत अन्य सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा पीएलभी की सहायता से पीड़िता द्वारा पीड़ित प्रतिकर के



तहत आवेदन किया गया है। जिस पर जल्द कार्रवाई कर पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि दुष्कर्म पीड़िता छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। वह अपने परिवार की एक मात्र कमाऊ सदस्य है। पीड़िता 10वीं की छात्रा है। उसकी परीक्षा अप्रैल में आयोजित होने वाली है। पीड़िता पेट पालने के लिए आर्केस्ट्रा में डांसर का काम करती थी। इसी दौरान विश्रामपुर में पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना की खबर जैसे ही अखबार में छपी झालसा ने इसपर संज्ञान लेते हुए पलामू डालसा को इस मामले में पीड़िता को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव गुरुवार को सखी वन स्टॉप सेंटर में पहुंचकर पीड़िता से मिले और उसे रहने ,खाने पीने, सुरक्षा व स्वास्थ्य के देख भाल का व्यवस्था कराया गया हैं।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

# गरीबों के लिए मसीहा बनकर आयी है मोदी सरकार: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** नीलांबर पितांबरपुर के उड़हुलिया ग्राम में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। उक्त सड़क उड़हुलिया गांव में डीएलपी पथ स्कूल से होते हुए बालकेश सिंह चेरो के घर तक और मुरमुसी ग्राम में डीएलपी पथ से जैप आठ कैंप मंदिर से आरसीडी पथ तक किया जाना है।इस असर पर विधायक ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण



पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

लगातार सड़क की मांग कर रहे थे। उक्त सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि दो साल कोरोना महामारी के चलते बर्बाद हो गए अन्यथा पांकी विधानसभा में विकास कार्य की रफ्तार और भी तेज होती। कहा कि हर गांव, कस्बे टोले-मुहल्ले से लेकर मुख्य सड़क तक जोड़ने का काम किया जा रहा है। देश में मोदी सरकार गरीबों की मसीहा बनकर आयी है। उज्ज्वला योजना के तहत लाभुकों को निःशुल्क गैस, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड सहित कई लाभान्वित योजनाएं दी जा रही है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, समाजसेवी कमेश यादव, संजय सोनी, भोलानाथ साव, सुधीर तिवारी, गोपाल यादव, वीरेंद्र मेहता, देवराज साव, मिथिलेश पासवान, अखिलेश चंद्रवंशी, अजय तिवारी, दिलीप मेहता और विजय राम आदि उपस्थित थे।

# मनातू थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गया लोकगीत, किया जागरूक

उमेश कुमार यादव

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदया रीष्मा रमेशन के निर्देश पर जिला पुलिस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। बूथों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही मतदाताओं को भी मतदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मनातू थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुरगुजा, सेमराहा और बहेरा टांड टोला आदि का थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने दौरा किया। उन्होंने सभी गांवों में बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा के अलावा बुनियादी सुविधाओं का जायजा



लिया। थाना प्रभारी ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर इलाके के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस ने लोगों को सुरक्षा देने का भरोसा दिलाते हुए मुसीबत में हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। पुलिस ने पोस्ता, अफीम आदि जैसे खेती को नहीं करने की सलाह दी। बताया कि इन फसलों की खेती करना कानूनन अपराध है। ऐसे खेती से पर्यावरण में हो रहे दुष्परिणामों के बारे में भी लोगों बताया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पलामू पुलिस लोकसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए कृतसंकल्पित है। थाना प्रभारी ने सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए जनता के साथ मिलकर पुलिस और आम जनता के बीच आपसी सहयोग की भावना विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही ग्रामीणों के साथ मिल कर लोकगीत भी गाया। गांव के बच्चों के बीच बिस्किट और टॉफी का वितरण किया। बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## लोस चुनाव में भड़काऊ संदेश व बाधा पहुंचाने वालों की अब खैर नहीं



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व बिना व्यवधान के करने को लेकर पलामू पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। निगरानी और शिकायत के लिए पलामू पुलिस ने 7070452955 मोबाइल नंबर जारी किया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने आदेश जारी करते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पलामू जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए एसएमएस का दुरुपयोग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी एवं शिकायत के लिए 7070452955 मोबाइल नंबर निर्धारित किया गया है। पलामू जिला नियंत्रण कक्ष में यह नंबर है। गड़बड़ी की सूचना दें सकते हैं। पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 43वें अधिवेशन का आयोजन

# श्री हरि के पदचिन्हों पर चल कर ही बेहतर बन सकता है इंसान: अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जमुने स्थित शिव एवं दुर्गा मंदिर भैसाखुर में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 43 वें अधिवेशन में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अविनाश देव ने कहा कि हम सभी मनुष्यों को श्रीराम जी के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके आदर्श को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, तभी हम सभी एक बेहतर इंसान बन सकते है। वर्तमान परिदृश्य में बदलते परिवेश के अनुसार हम सभी को लड़कियों को आजादी प्रदान करनी होगी, ताकि वे अपने हौसलों से जीवन के विभिन्न




कार्यक्रम का संबोधित करते अविनाश देव। मौके पर मौजूद अन्य लोग।

चरणों को प्राप्त करने के लिए ऊंची उड़ान भर सके। साथ ही अविनाश देव ने बेहतर कार्य के लिए पूरे यज्ञ कमेटी का आभार प्रकट किया। मौके पर संरक्षक तेजू राम,अध्यक्ष अमरेश राम,उपाध्यक्ष सूर्यदेव साव, कोषाध्यक्ष अमर मिश्रा,सचिव विजय पाठक आदि थे।

## ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास का संजय जायसवाल ने किया स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास का रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर स्वागत किया। राज्यपाल बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गये। संजय कुमार जयसवाल के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की तस्वीर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में राकेश, संजीव कुमार, संजीव चौधरी, शुभम कुमार जयसवाल, जॉनी वॉकर, दिनेश केडिया, नरेंद्र कुमार, मुरली श्याम, सोनी आनंद लोहरा, तीर्थ कुमार सहित सहित अन्य शामिल थे।

## पीपरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 700 मरीजों की जांच कर दी गयी मुफ्त दवाइयां



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा ब्लॉक परिसर में आयोजित चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में गुरुवार को 700 से अधिक मरीजों का मुफ्त में इलाज कर दवा देने के साथ ही शिविर का समापन हुआ। शिविर पलामू जिला आयुष समिति के निर्देश पर आयुष चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में 4 मार्च से आयोजन किया गया था। डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि आयुष पद्धति से गंभीर से गंभीर बीमारियों का सस्ता इलाज किया जाता है। आयुष की दवाइयों से कोई नुकसान नहीं होता है। यही कारण रहा कि चार दिवसीय शिविर में गांव देहात के 700 से अधिक मरीजों ने शिविर में आकर अपना इलाज कराया। मौके पर सीएचओ डॉ पूजा कुमारी, सरस्वती कुमारी, एएनएम कुमारी मिंटू, सहिया बसंती देवी, लालमणि शर्मा, सविता देवी, लीलावती देवी, सुनीता देवी, राजकली देवी, योग प्रशिक्षक प्रकाश कुमार, एमपीडब्ल्यू बबीता कुमारी मौजूद थे।

## पीपरा पुलिस ने नष्ट की शराब की दो भट्ठियां

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत पुनपुन उद्गम स्थल के समीप जंगल में संचालित अवैध शराब की दो अवैध भट्ठियों को पीपरा पुलिस ने गुरुवार को अभि.ान चलाकर ध्वस्त कर दिया। थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक नकुल शर्मा के साथ आइआरबी के जवानों ने महुआ चुलाई शराब भट्ठी के विरुद्ध छापामारी की। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान दो शराब भट्ठी से तीन क्विंटल जावा महुआ, 100 लीटर निर्मित शराब, 12 प्लास्टिक का ड्राम और शराब बनाने का उपकरण को जब्त कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। वहीं शराब कारोबारियों को चिन्हित किया जा रहा है।










आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
13

भाजपा धनबाद लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की और लोकसभा कोर समिति की बैठक

# लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबूलाल मरांडी

- धनबाद लोकसभा के प्रभारी सुरेश प्रसाद साहू ने अध्यक्षता की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा संचालन समिति के सभी 37 विभाग के सदस्यों को उनके विभागों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के सदस्य सक्रियता से कार्य करें। आप सभी का कर्तव्य है कि अपने लोकसभा क्षेत्र में पडने वाले बूथों को मजबूत करने की दिशा में पूरी सक्रियता के साथ लगें। जितना बूथ सशक्त होगा उतना ही परिणाम ऐतिहासिक सफलता के साथ हमें प्राप्त होगी। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त मतों से 10% अधिक मत बढ़ाने के लिए हमें कार्य करने हैं। 10% या उससे अधिक मतों की वृद्धि निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी को पूरे देश में 370 सीट से अधिक प्राप्त होगी। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी को 14 लोकसभा सीट प्राप्त होगी। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और विकसित होता चला गया। निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत, भारत को विश्व गुरु बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की गठबंधन की प्रदेश की सरकार की जन विरोधी कार्यों और भ्रष्टाचार के कीर्तिमान को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को चुनाव प्रबंधन का चुनाव लड़ाने का और चुनाव लड़ने का लंबा और श्रेष्ठ अनुभव है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति में उनके मार्गदर्शन से हमें लाभ प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन से,धनबाद की जनता और कार्यकताओं में एक नया उमंग और उत्साह आया है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर तथा आज लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में हम सबों को सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के कार्य, प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के धनबाद में हुए कार्यक्रम,प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी का नेतृत्व,भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी का मार्गदर्शन तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की कर्मठता धनबाद लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में होगा। धनबाद लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक का संचालन धनबाद लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने किया उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। शीघ्र ही धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी 6 विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति का गठन कर लिया जाएगा।




## चुनाव कोर समिति की बैठक

चुनाव प्रबंधन समिति के बैठक के बाद चुनाव कोर समिति की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में बोकारो के विधायक तथा झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक वीरंची नारायण, श्रीमती अपर्णा सेनगुप्ता, गणेश मिश्रा, सरोज सिंह,प्रदेश आईटी सेल के संयोजक अमर झा, विनय सिंह, शैलेंद्र सिंह, श्रवण राय, घनश्याम ग्रोवर, जयदेव राय, इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी संजीव अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, अर्चना सिंह, संजय झा, नितिन भट्ट, संजय त्यागी, वीरेंद्र हांसदा, मानस प्रसून, कन्हैया पांडे, मिल्टन पार्थ सारथी, विक्रांत आदि उपस्थित थे।

## हरला में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

बोकारे(आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी बोकारो श्रीमती विजया जाधव, के निर्देश पर गुरुवार को, सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे पर बैधमारा ग्राम के गढ़ाधर जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान उत्पाद टीम ने 800 केजी जावा महुआ शराब एवं 70 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति आदि शामिल थे। जानकारी हो कि, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice, 2nd Call**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-22/2023-24 (Gr. No.- 02)**

**Letter no - 321** **Date:- 07/03/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of PCC Road From Newly Constructed Jharkhand Girl Residential School to Hirak Road main Road in Pamnchayat- Dari Block- Dari, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 19,27,700.00 |
| 3. | Time of Completion | 06 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 12.03.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 19.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 19.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 21.03.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 321900 Minor Irrigation(23-24)#D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag.**



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत बागवानी के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक (N) 208(अनु0) दिनांक–21.02.2024 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश एवं समय–सारणी निर्धारित की गई है। आम बागवानी के अलावा अन्य फलदार पौधों जैसे:– अमरूद, नीम्बू, नाशपाती, नारंगी, बेर, कटहल, शरीफा, सहजन इत्यादि पौधों की खरीदारी झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB रजिस्र्टड नर्सरियों जिनके पास झारखण्ड का GST No. हो, इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी नर्सरियों द्वारा समर्पित निविदा अमान्य होगी। से निम्न शर्त्तो के आधार पर पौधों की आपूर्ति के लिए न्यूनतम दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

सभी निविदायें द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार डाली जायेगी। निविदादाता एक लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में 'तकनीकी बीड' लिखकर उसमें निविदा के साथ मांगे गये कागजात एवं प्रमाण पत्र (अग्रधन राशि का ड्राफ्ट सहित) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उस पर अपना नाम एवं पता साफ–साफ लिखेंगे। दूसरे लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में 'वित्तीय बीड' लिखकर उसमें नर्सरी के नाम एवं पता के साथ दर (प्रति पौधा) संबंधी कागजात डालेंगे एवं मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफा में दर के अलावा कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड के दोनो लिफाफे को एक अन्य लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे एवं उस पर बड़े अक्षरों में NHB रजिस्र्टड अंकित करने के साथ नर्सरी का नाम, पता, दूरभाष संख्या अंकित करेंगे।

इच्छुक आवेदक / निविदादाता द्वारा सीलबंद लिफाफे में निविदा निविदा दिनांक 14.03.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 14.03.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

नोट :– पौधा आपूर्ति से संबंधित निविदा की विस्तृत शर्त्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त
जिला कार्यक्रम समन्वयक हजारीबाग

PR 321874 (Rural Development)23-24*D


## बरवा इस्ट इंडिया मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में 21 वर्षीय युवक की मौत



निरसा (आजाद सिपाही)। एमपीएल ओपी क्षेत्र के भलाइड गांव की रहने वाली 21वर्षीय अर्पिता चंद्र का बीते बुधवार को गोबिंदपुर थाना क्षेत्र के बरवा ईस्ट इंडिया मोड़ के समीप हाईवा एवं बस से हुई सड़क हादसे में मौत के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीण के द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर निरसा जामताड़ा सड़क पंडरा मोड़ के समीप शव के साथ सड़क जाम कर हाईवा परिचालन को ठप कर दिया गया। परिजनों के द्वारा की जा रही मुआवजे की मांगों पर परिजन ने मांग 10 लाख सह हाईवा चालक के ऊपर कानूनी कारवाई करने पर अड़े हुए थे। वही गांव के ग्रामीणों द्वारा पंडरा भाजपा पार्टी कार्यालय में बैठक रखी गई जिसका नेतृत्व आकाश सेनगुप्ता कर रहे थे आकाश सेनगुप्ता ने ट्रांसपोर्टर से दूरभाष पर वार्ता कर 300000 में मृतक के परिजनों को देने में सहमति बनी इसके बाद ग्रामीण शांत हुए उसके बाद हाईवा का परिचालन शुरू किया गया ।मौके पर झामुमो के जिला संयुक्त सचिव तपन तिवारी, जीप सदस्य पिंटू सिंह, पूर्व जीप सदस्य मिथुन रविदास, मुखिया रोबिन धीबर ,दोलन सेन गुप्ता सहित गांव आनेको ग्रामीण उपस्थितथे।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत बागवानी के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक (N) 208 (अनु0) दिनांक–21.02.2024 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश एवं समय–सारणी निर्धारित की गई है। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2024–25) के कार्यान्वयन हेतु हजारीबाग जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में बागवानी से संबंधित खाद् सामग्रियों का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से निम्न सामग्रियों का मुहरबंद निविदा आंमत्रित की जाती है:–

| | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | केचुआ खाद या समतुल्य (In Kg) |
| | | गोबर खाद या FYM |
| | | नीम/करंज खली (In Kg) |
| | | बोनमील (BoneMeal) या SSP (In Kg) |
| | | Dolomite (In Kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Pesticides) | Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^ 6-10^8 CFU/ gm) (In Kg) |
| | | Chlorothalonil 75%WP (In Kg) |
| | | Copper oxychloride (Blue Copper or equivalent) (In Kg) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (In Kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (In Liter) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (In Liter) |
| | | दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC, Biflex TC or equivalent ) (In Liter) |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | सूक्ष्म–पोषक तत्व (Totocare/ Agromin or Equivalent) |
| | | यूरिया (Urea) (In Kg) |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) (In Kg) |
| | | SSP (In Kg) |
| | | MoP (पोटाश) (In Kg) |
| 5 | एंटी बैक्टीरियल (जीवाणु रोधक) | Streptomycin Sulphate 90% W/W (In Kg) |
| 6 | पॉलिथीन (Polythene) | जलकुंड हेतु पॉलीथीन 250u (micron) का UV resistant Polythene |

नोट:–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तें की पूर्ण विवरणी हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 15.03.2024 के पूर्वाहन्/अपराहन् 02:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में ब्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
3. प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को दिनांक 15.03.2024 के पूर्वाहन्/अपराहन् 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रुप से उपस्थित होंगे।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त
जिला कार्यक्रम समन्वयक,हजारीबाग

PR 321867 Rural Development(23-24).D


## सुडोकू और गोलमाल है प्रतियोगिता का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के उपलक्ष्य में दिनाँक 07 मार्च को प्लांट स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हॉल में सुडोकू और गोलमाल है प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुडोकू प्रतियोगिता प्रतिभागियों के संख्यात्मक और तार्किक कौशल की परीक्षा थी तथा गोलमाल है प्रतियोगिता मजेदार और हल्की-फुल्की गतिविधियों और खेलों के माध्यम से अंतर-टीम संचार और एकजुटता को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। बोकारो स्टील की 60 से अधिक महिला प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ सुडोकू और गोलमाल है प्रतियोगिता महिला कार्मिकों के लिए एक बड़ा ही रोचक कार्यक्रम था। बढ़ते काम के दबाव और महिलाओं पर मल्टीटास्किंग की ज़िम्मेदारी के बदलते परिदृश्य में, इन आयोजनों ने न केवल समूह कार्यों को पूरा करने के लिए साझा अपेक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने एवं विश्वास हासिल करने, एक-दूसरे का समर्थन करने और वैचारिक मतभेदों से आगे बढ़कर प्रत्येक का सम्मान करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की संकल्पना और समन्वयन सीआरएम- की प्रबंधक श्रीमती निहारिका अनुपम और सीटीएस की प्रबंधक श्रीमती जी स्नेहा राजू द्वारा किया गया। सुश्री नीता बा, एवं श्रीमती देवाश्री रानी टोप्पो, महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

## 22 चक्का ट्रेलर में लोड अवैध पीआइजी आयरोन पुलिस ने पकड़ा, इसकी कीमत 13 लाख रुपये

गिरिडीह(आजाद सिपाही)। रात्री समय करीब 10:30 बजे पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को गुप्त सुचना मिली कि गिरिडीह से सरिया होते हुए बिहटा पटना (बिहार) के लिये एक 22 चक्का ट्रेलर में लोड अवैध रूप से टन पीआईजी आयरोन लोड करके ले जाया जा रहा है। इस गुप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा त्वरित टीम का गठन किया गया। जिसमें अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बगोदर सरिया, धनंजय कुमार राम, थाना प्रभारी सरिया अरविन्द कुमार सिंह एंव रात्री गश्ती के पदाधिकारी स०अ०नि० पुनाई उरांव साथ में सशस्त्र बल शामिल किये गये। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी सरिया अरविन्द कुमार सिंह एवं गश्ती पदाधिकारी स०अ०नि० पूनई उरांव साथ सशस्त्र बले के द्वारा सूचना का सत्यापन किया गया। समय करीब 03:30 बजे गाड़ी का सत्यापन हुआ सत्यापन के क्रम में पाया गया कि गाडी सं0-खल्ल02इख-7854 वास्तव में गिरिडीह से बिहटा बिहार 22 चक्का टेलर में लोहा लोड कर वैध कागजात के बगैर अवैध टन पीआईजी आयरोन का ढुलाई कर रहा था। जिससे सरकार को काफी राजस्व की क्षति हो रहा है। उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बिक रही है सरकारी शराब

# रेट को लेकर रोजाना होती है तू-तू मैं-मैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** शराब की प्रिंट रेट से अधिक रेट सरकारी शराब दुकानों पर लिए जाने से जहां एक और ग्राहकों और शराब बेचने वाले दुकानदारों के बीच रोज खींच खींच होती रहती है। वहीं विभाग की छवि भी खराब हो रही है । आए दिन यह देखने को मिलता रहता है, कि ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बहस एवं मारपीट की स्थिती उत्पन्न हो जाती है। लेकिन उत्पाद विभाग इसको लेकर गंभीर नहीं है। और सारा दोष ग्राहकों पर डालकर चेन की नींद सो रही है। शहर के बीचों बीच स्थित बड्डीहा, सहबादी मार्केट, गांधी चौक, जिला परिषद ऑफिस के सामने, बस स्टैंड आदि से महज उत्पाद कार्यालय एक से दो किलोमीटर दूरी पर स्थित है। उन सरकारी शराब दुकानों पर रोज ग्राहकों एवं सरकारी शराब दुकानदारों के बीच इस तरह की घटना होती रहती है। जिससे आम लोगों को भी आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। लेकिन इससे न उत्पाद विभाग को कुछ लेना-देना है, और ना ही जिस कंपनी को, दुकानों का संचालन का भार दिया गया है, उस कंपनी के मालिकों को कोई फर्क पड़ता है। अभी हाल ही में रांची में सरकारी शराब दुकानदारों ने एक पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रिंट रेट से अधिक रेट लिए जाने का विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज, मारपीट कर उसकी आईडी कार्ड भी छीन लि थी। धनबाद के धनसार के पास भी सरकारी शराब दुकानदारों द्वारा ग्राहकों के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी। इस तरह के घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। और विभाग अपना दोष दूसरे पर देकर अपनी पीठ थप-थपाने पर लगा है। जिले में कुल 100 शराब की सरकारी दुकानें हैं। जिन दुकान के सामने प्रिंट चार्ट लगाना अनिवार्य है। जिससे ग्राहक प्रिंट चार्ट पर देखकर लिए गए शराब के पैसे की भुगतान कर सके। लेकिन प्रिंट चार्ट का कहीं आता पता नहीं चलता है। अगर किसी दुकान में प्रिंट चार्ट लगा हुआ भी है तो उसे अंदर की ओर रखकर धुंधलिया नुमा कर दिया जाता है। जिससे ग्राहक को प्रिंट रेट का पता नहीं चल पाए। इससे आप साफ अंदाजा लगा सकते हैं की जनता का पैसा कैसे बिचौलिए आसानी से लूट रहे हैं।



**उत्पादन आयुक्त, महेंद्र सिंह**

प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने की घटना नयी बात नहीं है। यह सिर्फ हमारे जिले की बात नहीं है। हर जिले में प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने का मामला है। अभी हम इस पर कुछ कह नहीं सकते हैं, हम अभी छुट्टी पर हैं, बाद में बात करते हैं।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

65वीं औपबंधिक सूची
जिला:–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–1917/24<br>2. आवेदक–अशोक गुप्ता उर्फ अशोक कुमार<br>3. पिता–राम प्रसाद गुप्ता उर्फ राम प्रसाद वर्णवाल<br>4. ग्राम–चैनपुर पोस्ट–विष्णुगढ<br>5. थाना–विष्णुगढ़ प्रखण्ड–ड़ाडी<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–नाक के दाहिने तरफ कटा का निशान। | विष्णुगढ थाना काण्ड सं0–31/93 | नहीं | कारण:– दिनांक 13.04.1993 को झारखण्ड आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि– 22 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–1411/24<br>2. आवेदक–शहिदा खातून (आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 मो0 युनूस अंसारी (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–हरहद पोस्ट–हेन्देगढ़ा<br>5. थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>6. लिंग–महिला आयु–61 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–माथे में तिल का निशान। | माण्डू (चरही) थाना काण्ड सं0–267/90 जी0आर0 सं0–1807/90 | नहीं | कारण:– दिनांक 10.10.1990 को झारखण्ड आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर हरवे हथियार से लैस होकर सड़क जाम करने का आरोप। पार्टी का नाम–झा0मु0मो0 जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–1412/24<br>2. आवेदक–गुलाम जिलानी<br>3. पिता–स्व0 काजीम अली उर्फ काजीम मियॉं<br>4. ग्राम–पगमल पोस्ट–सदर<br>5. थाना–लोहसिंघना (सदर) प्रखण्ड–सदर हजारीबाग<br>6. लिंग–पुरूष आयु–75 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने बॉह में तिल का निशान। | वाद सं0–367/83 | नहीं | कारण:– दिनांक 13.05.1983 को झारखण्ड राज्य की मांग को लेकर जेल भरो अभियान चलाना। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–1416/24<br>2. आवेदक–अशोक कुमार<br>3. पिता–स्व0 यमुनालाल साव<br>4. ग्राम–लाखे पोस्ट–कोर्रा<br>5. थाना–मुफ्फसिल प्रखण्ड–सदर, हजारीबाग<br>6. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगूली में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:– अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसा | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–1413/24<br>2. आवेदक–देवानन्द कुमार<br>3. पिता–स्व0 पुहुप लाल महतो<br>4. ग्राम–बरसोत पोस्ट–बरही<br>5. थाना–बरही प्रखण्ड–बरही<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण:– अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन, पार्टी बैठक पंजी एवं अन्य पार्टी संबंधित कागजात में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झामुमो (मार्डी) | 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–1414/24<br>2. आवेदक–बक्सी नरेश प्रसाद उर्फ नरेश बक्सी<br>3. पिता–स्व0 बक्सी केदार नाथ सहाय<br>4. ग्राम–ओकनी, साई मंदिर रोड पोस्ट–हजारीबाग<br>5. थाना– लोहसिंघना (सदर) प्रखण्ड–सदर, हजारीबाग<br>6. लिंग–पुरूष आयु–69 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने पंजे में कटे का निशान। | सदर हजारीबाग थाना अप्राथ0 सं0–64/98 | नहीं | कारण:– दिनांक–16.12.1998 को झारखण्ड निर्माण समिति द्वारा झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य | 2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–1415/24<br>2. आवेदक–झमन प्रसाद<br>3. पिता–स्व0 उगन महतो<br>4. ग्राम–गुरूचट्टी बड़का गॉव पोस्ट–बड़कागॉव<br>5. थाना–बड़कागॉव प्रखण्ड–बड़कागॉव<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान | सदर हजारीबाग थाना अप्राथ0 सं0–64/98 | नहीं | कारण:– अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झामुमो0 | 2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–2165/24<br>2. आवेदक–मारकुष नाग<br>3. पिता–स्व0 निकोलस मुण्डा<br>4. ग्राम–जमुवारी पोस्ट–मरहन्द<br>5. थाना–कटकमदाग प्रखण्ड–कटकमदाग<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | वाद सं0–364/83 | नहीं | कारण:– दिनांक–12.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(ix) |

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 321845 Home(23-24).D

# आशा कर्मियों का मासिक वेतन बढ़ा कर 7,000 रुपये किया गया

- सेवा समाप्ति प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया गया
- इस में 49,522 आशा कर्मियों को फायदा होगा
- राज्य सरकार सालाना 208 करोड़ रुपये खर्च करेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य की आशा कर्मियों के मासिक वेतन में वृद्धि की घोषणा की है। इसके अलावा आशा कर्मियों ने सेबा समाप्ति प्रोत्साहन राशि भी बढ़ा दी है। इससे राज्य की 49,522 आशा कर्मियों को फायदा होगा। इसके लिए राज्य सरकार प्रति वर्ष 148.57 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करेगी। गौरतलब है कि 5टी और नवीन ओडिशा के अध्यक्ष कार्तिक पांडियन के विभिन्न जिला गश्त के दौरान आशा कार्यकर्ताओं और उनके संगठनों ने उनसे



मुलाकात की और इस वेतन वृद्धि के संबंध में अनुरोध और प्रस्ताव रखे थे। इस नयी घोषणा के मुताबिक आशा कर्मियों का मासिक वेतन 4,500 रुपये से बढ़ाकर 7,000 रुपये कर दिया गया है। जहां पहले उन्हें सेवा समाप्ति के दौरान 50,000 रुपये मिलते थे, वहीं अब उन्हें 1 लाख रुपये मिलेंगे। राज्य सरकार उनके वेतन पर सालाना 59.43 करोड़ रुपये खर्च कर रही थी, लेकिन अब वह सालाना 208 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसी प्रकार सेवा व्यवधान सहायता के रूप में 55 लाख रुपये का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

गौरतलब है कि आशा कर्मियों ने राज्य में गर्भवती और प्रसूति महिलाओं की सहायता के लिए लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने गर्भवती और प्रसूति महिलाओं के लिए बनायी गयी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता पैदा की है। इसके साथ ही आशा कर्मियों ने टीकाकरण और संस्थागत वितरण में भी प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का पारिश्रमिक 25 प्रतिशत बढ़ेगा

- पारिश्रमिक का निर्धारण अनुभव के आधार होगा
- प्रत्येक पांच साल के अनुभव के लिए प्रति माह एक हजार रुपये अधिक मिलेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में काम करने वाले आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए कई पहल की घोषणा की। इनमें अनुभव वेतन, शिकायत निवारण प्रणाली और समय पर ग्रेच्युटी के साथ-साथ इन कर्मचारियों के वेतन में 25 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा शामिल है।

गौरतलब है कि ये आउटसोर्सिंग कर्मचारी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर 5टी अधक्ष श्री कार्तिक पांडियन से मिले थे. राज्य सरकार ने उनके मासिक वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्हें माह के अंत में वेतन समय पर मिले इसकी व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और सेवा प्रदाता एजेंसियों के बीच विभिन्न विवादों को सुलझाने के लिए ओडिशा राज्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी लोकपाल के गठन की घोषणा की है। अनुभव वाले श्रमिकों को अधिक वेतन दिया जायेगा। प्रत्येक पांच वर्ष के अनुभव के लिए प्रति माह एक हजार रुपये से अधिक मिलेगा। महिला कर्मचारी अपने पहले दो बच्चों के जन्म तक 120 दिनों तक का मातृत्व अवकाश ले सकती हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों और सेवा प्रदाता एजेंसियों की शिकायतें सुनने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी होंगे। उनकी शिकायत प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए जीए एंड पीजी विभाग, सीएमजीआई के माध्यम से एक सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन विकसित किया जायेगा। जिसमें कर्मचारी और एजेंसियां दोनों अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारी जो वर्तमान में बढ़ा हुआ वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें नयी प्रणाली के तहत संरक्षित किया जायेगा। सभी विभाग इन सभी प्रणालियों को व्यवस्थित तरीके से प्रबंधित करने के लिए सेवा प्रदाता एजेंसियों के साथ पूरक समझौते करेंगे।

# वेदांता एल्यूमिनियम ने शुरू किया 'द फ्यूचर ऑफ मेटल' अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 से पहले भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने #TheFutureOfMetAL शीर्षक से धातु व खनन उद्योग में कार्यरत महिलाओं के विषय पर एक प्रभावशाली सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और लघु फिल्मों का इस्तेमाल करते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे इन उद्योगों में बेहतरीन करियर बनाने के लिए आगे आयें।



कैंपेन में रचनात्मक ढंग से इस चुनौती को दो तरह से हल किया गया है। पहला, यह कैम्पेन इस पूरे उद्योग को करियर की प्रारंभिक अवस्था में मौजूद महिला पेशेवरों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र के तौर पर प्रस्तुत करती है। दूसरा, वेदांता एल्यूमिनियम में कोर ऑपरेशंस संभाल रही महिला पेशेवरों के जीवन की झलक भी इसमें दिखायी गयी है। वेदांता एल्यूमिनियम का लक्ष्य है कि निकट भविष्य में उसके सकल कार्यबल का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिला कर्मचारियों का हो और इस कैंपेन के माध्यम से कंपनी उस लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर होना चाहती है। इस मुहिम का पहले भाग का शीर्षक है वुमेन ऑफ मेटल, इसमें लघु फिल्मों की एक श्रृंखला दिखायी गयी है, जिनमें दर्शक देखेंगे कि वेदांता एल्यूमिनियम में युवा महिला पेशेवर किस तरह से महत्वूर्ण दायित्व निभा रही हैं। दूसरे भाग का शीर्षक है द फ्यूचर फीमेल सिरीज इसमें कंपनी के कोर फंक्शंस में कार्यरत महिला पेशेवरों को दर्शाया गया है, जैसे कि माइन ऑपरेशंस, मेटल प्रोडक्शन, पावर जेनरेशन, प्लांट मैनेजमेंट व असैट सिक्युरिटी।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम में हम उच्च प्रदर्शन एवं नवोन्मेष के लिए परिवेश का निर्माण कर रहे हैं। हमारी टीमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से हमें व्यापक मतों व दृष्टिकोणों तक अनमोल पहुंच मिलेगी। इसके फलस्वरूप हम ज्यादा बेहतर फैसले ले पायेंगे, विभिन्न बाजारों की जरूरतों की पूर्ति करने में सक्षम बनेंगे और बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित कर पायेंगे। लैंगिक अंतर को दूर करना केवल ठोस कारोबारी भावना की वजह से नहीं है, बल्कि इससे एक समान व सतत वृद्धि का रास्ता भी खुलेगा।

# पारादीप-केंदुझारगढ़ पैसेंजर की नियमित सेवा आज से

## कल से केंदुझारगढ़ के रास्ते पुरी-आनंद विहार एक्सप्रेस की नियमित सेवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** लंबे समय से प्रतीक्षित और लोकप्रिय मांग को ध्यान में रखते हुए, रेलवे ने हरिदासपुर-पारादीप रेलवे लाइन और केंदुझारगढ़ मार्ग के माध्यम से पुरी से नई दिल्ली तक यात्री परिवहन के क्षेत्र में एक्सप्रेस सेवाएं पूरी कर ली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्यपाल रघुवर दास, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विश्वेश्वर टुडू की उपस्थिति में पारादीप-केंदुझारगढ़ और पुरी-आनंद बिहार एक्सप्रेस वाया केंदुझारगढ़ ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। अपनी उद्घाटन यात्रा पर रवाना की गयी दोनों ट्रेनें विशेष ट्रेनों के रूप में चलायी गयीं हालांकि, दोनों दिशाओं में पारादीप-केंदुझारगढ़ पैसेंजर ट्रेन की नियमित सेवा गुरुवार से शुरू होगी। इसी तरह, केंदुझारगढ़ मार्ग के माध्यम से पुरी-आनंद बिहार-



पुरी एक्सप्रेस 9 मार्च से पुरी से और 10 मार्च से आनंद बिहार से संचालित होगी।

**पारादीप-केंदुझारगढ़-पारादीप मेमू पैसेंजर स्पेशल:** 08406/08405 पारादीप-केंदुझारगढ़-पारादीप मेमू पैसेंजर स्पेशल पारादीप से 05.30 बजे रवाना होगी और 11.25 बजे केंदुझारगढ़ पहुंचेगी। वापसी दिशा में, केंदुझारगढ़ से यह ट्रेन 16.30 बजे प्रस्थान करेगी और 21.30 बजे पारादीप पहुंचेगी।

**केंदुझारगढ़ के रास्ते पुरी-आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेसः** 18427/18428 पुरी-आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस केंदुझारगढ़ के रास्ते प्रत्येक शनिवार को 4.15 बजे पुरी से रवाना होगी और प्रत्येक रविवार को 13.10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी दिशा में, आनंद विहार से यह ट्रेन प्रत्येक रविवार को 17.20 बजे प्रस्थान करेगी और प्रत्येक सोमवार को 23.55 बजे पुरी पहुंचेगी।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि में बीएंड होराइजन-विश्व साहित्य में विश्व अनुसंधान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** अंग्रेजी भाषा और साहित्य विभाग, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट द्वारा आयोजित 'बियॉन्ड होराइजन्सः एक्सप्लोरिंग द वर्ल्ड इन वर्ल्ड लिटरेचर' पर प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने औपचारिक रूप से सम्मेलन का उद्घाटन किया और साहित्यिक दुनिया की गहन खोज के लिए मंच तैयार किया। गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, संबलपुर के कुलपति प्रोफेसर एन नागराजू, इडाहो स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के प्रोफेसर एलन जॉनसन और स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, सीयूओ के डीन प्रोफेसर एनसी पांडा सम्मानित अतिथि थे। सम्मेलन की संयोजक और अंग्रेजी भाषा और साहित्य विभाग की प्रमुख डॉ निर्झरिनी




त्रिपाठी ने सभा का स्वागत किया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने अपने उद्घाटन भाषण में सामाजिक उत्थान के लिए पूर्वी और पश्चिमी विचारधाराओं के संयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर जॉनसन ने कोरापुट के लोगों और प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की, प्रोफेसर पांडा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के स्थायी मूल्य पर जोर दिया और लौकिक भावना और कालातीत ज्ञान के बीच अंतर किया। प्रोफेसर नागराजू ने गोदे और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे साहित्यकारों के कार्यों में पाए जाने वाले सकारात्मक भावनात्मक अनुभवों पर प्रकाश डाला और विश्व साहित्य के भीतर काल्पनिक और वास्तविक भूगोल के विपरीत क्षेत्रों का पता लगाया, जबकि दो दिवसीय कार्यक्रम विश्व साहित्य के समृद्ध महत्व की गहरी समझ का वादा करता है, समानांतर सत्रों में वैश्वीकरण, अनुवाद और साहित्य के वैश्विक आख्यान से संबंध जैसे विषयों पर रोमांचक पैनल चर्चा और प्रस्तुतियां होती हैं। जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागुनाथ भोई ने बताया कि देश भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं और उत्साही लोगों ने जोरदार बहस में भाग लिया, जो सीमाओं पर बौद्धिक आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# संबलपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर एक साप्ताहिक अभियान आयोजित कर रहा है। कार्यस्थल और समाज में महिलाओं के अधिकारों को उजागर करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार, संबलपुर में एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में और आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि महिलाओं के लिए सभी क्षेत्रों में अपार क्षमता है। समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी प्रीमियर लीग 2023-24 शुरू



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए बहुप्रतीक्षित यूनिवर्सिटी प्रीमियर लीग (यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट छह मार्च को यूनिवर्सिटी प्लेग्राउंड में शुरू हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने औपचारिक रूप से लीग का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि खेल, व्यायाम और स्वास्थ्य को साथ-साथ चलना चाहिए और दुनिया भर के लोगों को स्वस्थ, खुशहाल और अधिक उत्पादक जीवन के अवसर प्रदान करने चाहिए। प्रभारी कुलसचिब प्रो एनसी पांडा, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ रामेंद्र कुमार पाढ़ी, खेल सलाहकार संजय गंटयात, सदस्य सचिव खेल समिति बिश्वजीत भोई सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रोफेसर पांडा ने जोर देकर कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के भीतर खेल कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों और शिक्षकों दोनों के बीच फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा। डॉ पाढ़ी ने स्वागत भाषण दिया जबकि भोई ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। यूपीएल, 6 मार्च से 12 मार्च, 2024 तक आयोजित होने वाला है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'फिट इंडिया वीक' समारोह का हिस्सा है। यूजी यूनाइटेड और बिजनेस बुल्स के बीच उद्घाटन मैच खेला जायेगा और लीग में आठ टीमें भाग ले रही हैं। कुलपति और कुलसचिब ने मैदान पर खिलाड़ियों का स्वागत किया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने कहा कि टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत देखने के लिए सीयूओ के फैकल्टी, स्टाफ और छात्र सभी उपस्थित थे।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**